

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 18 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-259 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 दिसंबर 2022 ₹ 1.00




E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## जय-वीरू और सिक्का



**प्रकाश शर्मा**

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चार वर्ष

अगले वर्ष यानी सन् 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव होने हैं। आज ही की तिथि में नई सरकार अस्तित्व में आ जाएगी। किस पार्टी की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री कौन होगा यह भविष्य के कोख में हैं। मतदाताओं की ऊंगलियां तय करेंगी कि किस पार्टी के मस्तक पर विजय तिलक लगाया जाए। मुख्यमंत्री के रूप में श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के चार वर्ष आज पूरे हो गए। श्री बघेल के कार्यकाल का आंकलन अगले वर्ष होने वाले चुनाव में आम मतदाता ईवीएम के जरिए करेंगे। बहरहाल चार वर्ष के कार्यकाल की बात करें तो यह चार वर्ष उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं। अव्वल तो यह कि केंद्र व राज्य में अलग-अलग दल की सत्ता किसी भी मुख्यमंत्री के लिए सरकार चलाने में परेशानी का सबब हो सकती है। श्री भूपेश बघेल ने केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के चौसर पर खुलकर व दमदारी से खेल खेला है। सच कहें तो वे वन मैन-शो की तरह रहे हैं। चुनौतियों से भी उन्होंने बीते चार वर्षों में चतुराई व ताकत से निपटा है। वे सफल रणनीतिकार व कूटनीतिज्ञ साबित हुए हैं। तभी तो तमाम राजनीतिक झंझावातों व अटकलों के बाद भी पंजा (हाईकमान) का आशीर्वाद उनके सिर पर बना रहा है। श्री भूपेश बघेल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पूरे पांच वर्ष तक बने रहना प्रमुख चुनौती रही है। यह चुनौती उनकी ही राजनीतिक जोड़ी के सहयोगी रहे टीएस बाबा से मिलती रही है। टीएस सिंहदेव के इस दावे में कि 'भूपेश व उनमें (सिंहदेव) ढाई-ढाई वर्ष मुख्यमंत्री बनने का करार हुआ था' में कितनी सच्चाई है इसकी जानकारी केवल राहुल गांधी, भूपेश व सिंहदेव को है। किंतु इस समझौते को सच की कसौटी पर 24 कैरेट मानते हुए श्री सिंहदेव ने भूपेश सरकार के ढाई वर्ष बाद अपनी सरकार के लिए दावा ठोंककर दिल्ली दरबार में गर्जना कर दी थी। भूपेश ने इस चुनौती का सामना नई दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन कर किया था। डायरेक्टर रमेश सिप्पी की एक फिल्म शोले आज भी हिट और हीट है। फिल्म के अभिनेता जय( अमिताभ बच्चन) और वीरू (धर्मेन्द्र) में किसी भी बात या विवादास्पद मामले पर फैसला लेने सिक्का उछालकर टॉस किया जाता है। जय के पास एक ऐसा सिक्का होता है जिसके दोनों पहलू में हेड (चित) के निशान होते हैं। चतुर जय जब भी सिक्का उछालता है हेड ही आता है और वीरू हार जाता है। वीरू को जय की बात माननी होती है। फिल्म के अंत में वीरू को इस सिक्के की सच्चाई का तब पता चलता है जब जय अंतिम सांस ले रहे होते हैं। छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूपेश व टीएस को जय-वीरू के नाम से जाना जाता है। कौन जय है और कौन वीरू इस रहस्य पर से अब तक पर्दा नहीं हटा है। किंतु यह बात सच है कि इस जय-वीरू की जोड़ी की मेहनत के कारण ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्तासीन हुई है। राहुल गांधी की मौजूदगी में टॉस होने की बात भी राजनीतिक फिजां में तैर रही है। फिलहाल यह अनोखा सिक्का लगता है श्री भूपेश बघेल के पास है। जब-जब मुख्यमंत्री बदले जाने की कवायद की जाती है तब-तब भूपेश सिक्का उछालकर फैसला अपने पक्ष में कर लेते हैं। इंशाअल्लाह वे पूरा पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। उन्होंने सिंहदेव को अंबिकापुर की राजशाही तक ही समेट कर रख दिया है। पंचायत विभाग से इस्तीफा देकर सिंहदेव ने चुनौती देने की कोशिश की थी किंतु श्री बघेल ने इसे राजनीति के मैदान में होने वाली उस सामान्य घटना की तरह लिया था जिसमें खिलाड़ी एक-दूसरे को टांग अड़ाकर गिराने की कोशिश करते हैं। फिलहाल बघेल व सिंहदेव के बीच जमी बर्फ पिघली नहीं है। मुफ्त की सलाह देने वालों का कहना है कि दूध जरूर फट गया लेकिन अभी भी समय है फटे दूध से पनीर या रसगुल्ला तो बनाया ही जा सकता है। बीते चार वर्षों का एक बड़ा हिस्सा आईटी व ईडी की कार्रवाई से चुनौतीपूर्ण रहा है। इससे सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जाता रहा है। बघेल तमाम आरोपों को खारिज करते हुए 'चरैमेति' के सिद्धांत का पालन कर रहे हैं। राज्य में नक्सलवाद भी एक बड़ी चुनौती है। राहत की बात है कि गुजरे चार वर्षों में कोई बड़ी वारदात नहीं हुई है। कह सकते हैं कि इस मोर्चे पर भी भूपेश सरकार का चक्रव्यूह कारगर रहा है। भूपेश बघेल वास्तव में नगरिहा यानी किसान मुख्यमंत्री हैं। ये चार साल उन्होंने नरवा, घुरवा, गरुवा व बारी को आधार बनाते हुए किसानों व कृषि उत्पादों पर फोकस किया है। अविभाजित मप्र फिर नए राज्य छत्तीसगढ़ में मंत्री रहे जमीनी नेता बघेल ने चार वर्षों की यात्रा में कांग्रेस आलाकमान का भरोसा जीतकर अपनी राजनीतिक ऊंचाई को बढ़ाया है। भले ही उनकी अगुवाई में कांग्रेस यूपी व असम में चुनाव हार गई लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनवाकर उन्होंने साफ कर दिया कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। जिद्दी, जुनूनी, अक्खड़ व साहसी तथा हाजिर जवाबी भूपेश बघेल चार वर्षों में प्रशासन पर लगाम कसने में कामयाब रहे हैं। शुद्ध रूप से वे छत्तीसगढ़िया हैं लिहाजा वे गेड़ी चढ़कर यह संदेश देते हैं कि विपरीत परिस्थितियां भी उनकी राज्य सेवा की यात्रा में रुकावट नहीं डाल सकती हैं। वहीं कार्तिक स्नान कर वे राज्य की खुशहाली, समृद्धि व शांति की प्रार्थना करते हैं। गिल्ली-डंडा खेलकर वे यह बताना चाहते हैं कि भ्रष्टाचार रूपी गिल्ली को वे अपने डंडे के सामने फटकने भी नहीं देंगे। तीजा-पोरा के जरिए वे महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराकर उन्हें सबल बनने की सीख देते हैं। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए योजनाएं लांच कर वे साफ करते हैं कि इन्हीं से देश का भविष्य उज्जवल है। चार वर्ष में उन्होंने बहुत सी योजनाएं धरातल पर उतारी हैं किंतु यह भी जान लेना आवश्यक है कि उन्होंने अभी तुरूप का पत्ता खोला नहीं है। बघेल की गोबर व गोमूत्र खरीदी न केवल गोमाता के प्रति अगाध सम्मान है बल्कि यह पूरे देश में अभिनव योजना है। यह योजना शुरुआती दौर में है। गोबर व गोमूत्र भले ही बहुत ज्यादा लोगों ने विक्रय नहीं किया हो परंतु जिसने भी इस योजना को आत्मसात किया है उन्हें पर्याप्त आय हुई है।

*...शेष पृष्ठ 6 पर*

### पूर्वोत्तर में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

## ईमानदार सरकार ने बाधाओं को हटाकर विकास किया

**शिलॉन्ग,18 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 दिसंबर को मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में उत्तर पूर्वी परिषद की बैठक में हिस्सा ले रहे है। इस दौरान उन्होंने कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया है। उन्होंने इस दौरान जनता को भी संबोधित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व की सरकारों पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने 2450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि हम भ्रष्टाचार, पक्षपात, भाई-भतीजावाद, हिंसा, परियोजनाओं को ठप करने और वोट बैंक की राजनीति को दूर करने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इन बीमारियों की जड़ें काफी गहरी होती हैं। इसलिए, हम सभी को मिलकर इसे जड़ से उखाड़ना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब फुटबॉल का बुखार सभी पर चढ़ा हुआ है तो फुटबॉल की भाषा में ही बात करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई खिलाड़ी भावना के खिलाफ ताजा है तो उसे लाल कार्ड दिखाया जाता है। बाहर भेजा जाता है। ऐसे में अगर बीते आठ वर्षो के दौरान हमने पूर्वोत्तर के विकास में कई बाधाओं को दिखाया रेड कार्ड दिखाया है। उन्होंने कहा कि अब डंके की चोट पर बॉर्डर पर निर्माण हो रहा है। केंद्र सरकार ने नॉर्थ ईस्ट की हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ाया है।



### फीफा का भी किया जिक्र

पीएम मोदी ने इस दौरान फीफा विश्व कप का जिक्र करते हुए कहा कि आज इस खेल में कई विदेशी टीमें खेलती दिख रही है। हमारे देश के युवा भी इस खेल में आगे बढ़ते हुए इस खेल में तिरंगा लहराएंगे। उन्होने कहा कि जब हमने केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं बदली हैं। उसका सकारात्मक असर पूरे देश भर में देखने को मिल रहा है। इस साल केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर सात लाख करोड़ रुपये खर्च किए है। आठ साल पहले ये राशि दो लाख करोड़ रुपये से भी काफी कम थी। आजादी के बाद सात दशकों तक इलाके के विकास के लिए मात्र दो लाख करोड़ रुपये दिए गए।

## पहले टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को दी मात

**ढाका,18 दिसंबर।** भारत और बांग्लादेश के बीच जारी पहले टेस्ट मुकाबले में भारत ने शानदार जीत दर्ज की है। भारत की टीम ने बांग्लादेश को 188 रनों से मात दी है। भारत की टीम को जीत दिलाने में चेतेश्वर पुजारा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने शानदार खेल दिखाया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त मिल गई है। अब अंतिम मुकाबला 22 दिसंबर को ढाका में खेला जाएगा। बांग्लादेश की टीम को 513 रनों का टारगेट दिया गया था, जिसे टीम बना नहीं सकी और 324 रनों पर ही सिमट गई। पांचवे दिन का खेल शुरु होते ही बांग्लादेश के खिलाड़ी एक घंटे में पवेलियन लौट गए। बता दें कि भारत की इस जीत के कई हीरो रहे। इसमें चेतेश्वर पुजारा ने बल्ले से दमदार खेल दिखाया और पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में 102 रन बनाए थे। गेंदबाज कुलदीप यादव ने दो पारियों में आठ और अक्षर पटेल ने पांच विकेट हासिल किए। बता दें कि कुलदीप यादव की टेस्ट क्रिकेट में वापसी 22 महीनों के बाद हुई थी जिसके बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया है।



## मैनपाट में बिछी बर्फ की चादर

**अंबिकापुर,18 दिसंबर।** कड़ाके की ठंड के बीच उत्तर छत्तीसगढ़ के मशहूर पर्यटन स्थल मैनपाट में पाला पड़ गया है. यहां न्यूनतम तापमान पांच डिग्री के करीब पहुंच गया है. रविवार की सुबह रोपाखर और मैनपाट के अन्य इलाकों में खेतों में बर्फ जैसी सफेद चादर बिछी नजर आई. मौसम साफ होने के बाद सरगुजिया तेवर से



ठंड के तेवर से लोग कांप रहे हैं. मौसम विभाग ने चक्रवात का असर समाप्त होते ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना पहले ही जता दी थी और पूर्वानुमान भी सही था. तापमान में लगातार गिरावट के बीच मैनपाट क्षेत्र में इस सीजन में पहली बार पाला पड़ा है. यहां आज सुबह पाला जैसी बर्फ नजर आई. लोग इसका खूब लुत्फ उठाते नजर आए. आज रविवार है, इसलिए आज मैनपाट में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ेगी. कड़ाके की ठंड के बीच मैनपाट में पर्यटकों के आने, ठहरने और खाने की कई सुविधाएं विकसित होने के बाद अब यह क्षेत्र एक बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित हो गया है. मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के मुताबिक अगले 24 से 48 घंटों के दौरान तापमान में गिरावट की संभावना है, हालांकि विक्षोभ के प्रभाव से बादल भी आएंगे, लेकिन उत्तरी दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं का प्रवाह बाधित नहीं होगा. जिससे तापमान और बढ़ने की संभावना है.

## दिग्विजय ने पूछा-चीन से क्यों डरते हैं प्रधानमंत्री

**सागर,18 दिसंबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चीन से युद्ध के खतरे वाले बयान के बाद उपजे विवाद के बीच कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने शनिवार को सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन की सरकार और उसकी सेना से डरते क्यों हैं। शुक्रवार को अपनी ''भारत जोड़ो यात्रा'' से इतर प्रेस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया था कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है जबकि भारत सरकार सो रही है और खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। राहुल के इस बयान के बाद कांग्रेस और भाजपा के नेताओं की बीच जुबानी जंग छिड़ गयी है। सिंह ने सवाल किया, ''नरेंद्र मोदी चीन की सेना और सरकार से डरते क्यों हैं? जब मोदी विपक्ष में थे तो वह तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सलाह देते थे कि वे चीन को लाल आंखें (जुझारुपन) दिखाएं। वे लाल आंखें कहां हैं?'' सिंह दोनों देशों के बीच सीमा पर हाल के घटनाक्रम पर संवाददाताओं के सवालों का जवाब दे रहे थे। सिंह ने दावा किया कि जब चीनी सेना ने भारत की भूमि में ''घुसपैठ'' की थी तो तत्कालीन प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने इसे स्वीकार किया था लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इससे इनकार किया।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भारत में चीनी आयात दोगुना हो गया है जबकि भारत का निर्यात गिर गया है। सिंह ने आगे आरोप लगाया कि मोदी सरकार की नीतियां चीन को मजबूत करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं।



*रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।*

## समुद्र में बढ़ी नौसेना की ताकत


**मुंबई,18 दिसंबर।** आधुनिक हथियारों से लैस स्वदेशी मिसाइल विध्वंस आईएनएस मोरमुगाओ को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना को सौंपा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई के आधुनिक सेंसर और रडार से लैस युद्धपोत इंडियन नेवी को सौंपा है। इस विध्वंसक युद्धपोत की मदद से भारतीय नौसेना अब हिंद महासागर में अपनी बैठ को मजबूत कर सकता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ भारत में बने सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक है, यह भारतीय समुद्री क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। मोरमुगाओ दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से उन्नत मिसाइल वाहकों में से एक है। आईएनएस मोरमुगाओ की प्रणालियां न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करने में सक्षम होंगी।

यह हमारी स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता का भी एक उदाहरण है। भविष्य में हम दुनिया के लिए जहाज निर्माण करेंगे। बता दें कि जिस तरह चीन हिंद महासागर में अपनी गतिविधियों को बढ़ा रहा है उस समय इस युद्धपोत का नौसेना में शामिल होना काफी अहम कदम माना जा रहा है। इस खास मौके पर नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि पिछले दशक में युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में हमारे द्वारा उठाए गए बड़े कदमों का संकेत है। नौसेना में शहरों के नाम पर जहाजों के नाम रखने की परंपरा है जो दोनों के बीच एक स्थायी कड़ी बनाती है।

उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के इतिहास में आज का दिन एक और मील का पत्थर है क्योंकि हमने विध्वंसक मोरमुगाओ को चालू किया है। खासियत है कि एक साल पहले विशाखापत्तनम को पहले ही भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

## समाचार संक्षेप

### ब्राउन शुगर के साथ एक युवक पकड़ाया

भिलाई 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सुपेला पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को पकड़ा। उसके कब्जे से 15 नग ब्राउन



शुगद की पुड़िया जब्त की है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत 1 लाख रुपए आंकी है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्टके तहत कार्रवाई की है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक राधिका नगर एकता पार्क के पास नव जवान युवकों को नशीली पदार्थ बिक्री कर रहा है पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच कर रेड मारा संदेही से पूछताछ रहे की तो अपना नाम आशीष दुबे (31वर्ष) निवासी राधिका नगर बताया आशीष दुबे के कब्जे से 15 नग ब्राउन शुगर पुड़िया, 1.510 ग्राम कीमती 1,00,000 रूपये जब्त किया गया सुपेला टीआई ने बताया कि आरोपी ब्राउन शुगर को आस-पास के नव युवको को नशे के लिए उपलब्ध कराता था। टीआई ने बताया कि आरोपी कुछ दिनों से ब्राउन शुगर बिक्री की जानकारी मिल रही थी, जिससे सुपेला पुलिस गोपनीय रूप से निगाह रखा जा रहा था। आज पुलिस को सफलता मिली इस कार्रवाई में उप निरी. लखेश गंगेश, आरक्षक मोह. जुनैद सिद्धीकी, विवेक सिंह, विकास तिवारी एवं अभय सिंह शामिल थे।

### बोर्ड एग्जाम की बेहतर तैयारी करें छात्र-छात्राएं: ममता चंद्राकार

कवर्धा 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल पंडरिया में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक महोदया श्रीमती ममता चंद्राकर जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए



उन्हें बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने को कहा। वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे। समय का सदुपयोग करें। पढ़ाई में ध्यान दे। साथ ही छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य की कामना भी की। खेल हो या पढ़ाई दोनो जरूरी है। लेकिन कॅरियर बनाने के लिए मेहनत जरूरी है। लगातार मन लगाकर पढ़ाई करें। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन नृत्य, गीत संगीत, भाषण,कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मन मोह लिया।इस कार्यक्रम में श्री नविन जायसवाल पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष, श्री डोमन मरकाम अध्यक्ष कृषि उपज मंडी पंडरिया, श्रीमती राजीन सुजीत गायकवाड़ अध्यक्ष नप पंडरिया, श्री मनीष शर्मा जिला समन्वयक राजीव युवा मितान क्लब कबीरधाम, श्रीमती ममता नीलू शर्मा पार्षद पंडरिया, पालेश्वर चंद्राकर, पारस बांगनी, घनश्याम साहू, नेमी बंगानी, वैभव शर्मा अध्यक्ष आई टी सेल पंडरिया, मनीष यादव, आशीष साहू व स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।

### महिला से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अपने घर के बाहर बर्तन धो रही एक महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपित को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ छेड़खानी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है पुलिस ने बताया कि ग्राम मचांदुर निवासी एक 24 वर्षीय महिला अपने घर के सामने बर्तन धो रही थी। इसी दौरान उसी गांव में रहने वाला आरोपित विक्की साहू (30) वहां पहुंचा और उसने महिला का हाथ पकड़कर उससे जबरदस्ती शुरू कर दी महिला ने शोर मचाया तो आरोपित वहां से भाग खड़ा हुआ इसके बाद उसने जेवरा सिरसा चौकी में पहुंचकर शिकायत की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### विधानसभा स्तरीय सम्मेलन के साथ हुआ भाजपा की शंखनाद यात्रा का समापन

भिलाई 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में शंखनाद यात्रा का समापन एवं भिलाई नगर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान विषय को लेकर श्री राम चौक,हुडको भिलाई में किया



गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर,राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, भिलाई जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर,पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, निर्मला यादव, शिरीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र साहू सहित सभी भाजपा पार्षद, छाया पार्षद, पूर्व पार्षद उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ बचाओ अभियान को लेकर सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से अपना विषय रखा। इस अवसर पर सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग के लिए: जितेन्द्र साहू

रिसाली 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य सरकार के 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस नेवई गोठान में मनाया गया। शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने जनप्रतिनिधि व अधिकारी एकजुट हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू के अलावा महापौर शशि सिन्हा व सभापति केशव बंछोर विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र



साहू ने कहा कि भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की विलुप्त हो रही संस्कृति को विश्व पटल पर रखा है। आज जितने भी कल्याणकारी योजनाएं है उसमें किसान से लेकर युवा वर्ग सीधे तौर पर जुड़ा है। प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं है। उन्होंने कहा कि गोठान के माध्यम से आज महिलाएं अपने पैरों में खड़ी हो रही है। वहीं निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने निगम में दी जाने वाली सेवाओं को विस्तार से रखा। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, सनीर साहू, परमेश्वर, ब्लाक अध्यक्ष मुकुंदभाऊ, पार्षद सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। नेवई गोठान में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने प्रदर्शनी लगाई थी। खाने पीने के स्टॉल के अलावा हाथ से तैयार कलाकृति की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि के अलावा महापौर व परिषद के सदस्यों ने किया।

# निगम मुख्यालय सहित वार्ड क्षेत्रों में मनाया गया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 18 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित सभी वार्ड क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण हो गए है। इसको देखते हुए भिलाई में गौरव दिवस मनाया गया। सभी वार्ड क्षेत्रों में गौरव दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, एमआईसी मेंबर, पार्षद एवं वार्ड क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश दिया गया जिसके प्रसारण की व्यवस्था सभी वार्डों में की गई थी, इसके साथ ही निगम के मुख्य कार्यालय में भी इसकी व्यवस्था की गई थी। निगम मुख्य कार्यालय में निगमायुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, प्रभारी भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे तथा नागरिक गण मौजूद रहे। गौरव दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूरे हो चुके हैं, सरकार ने इस 4 वर्ष में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए, हर क्षेत्र के विकास करने के साथ ही लोगो की अपेक्षाओं एवं आशाओं के मुताबिक सभी कार्य किए हैं। इसको लेकर आज गौरव दिवस पूरे राज्य में मनाया जा रहा है, क्योंकि सरकार के कामकाज को लेकर छत्तीसगढ़ की जनता में एक अभूतपूर्व उत्साह है। भिलाई निगम के सभी वार्ड क्षेत्रों में जहां कार्यक्रम आयोजित थे वहां पर शासकीय योजनाओं के बैनर, पोस्टर, संदेश प्रसारण की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा उपाय आदि व्यवस्था की गई थी। शहरी गौठान में भी गौरव दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण, पशुपालक, जनप्रतिनिधि, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य तथा स्थानीय रहवासी मौजूद रहे। गौठान में सभापति गिरवर बंटी साहू तथा मुकेश चंद्राकर ने भी शिरकत की। इस दौरान उपस्थित सभी को शासन की 4 वर्षो की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

## एनसीसी ग्रुप कमांडर विशिष्ट सेवा पदक ब्रिगेडियर और कैडेट्स के बीच हुई परिचर्चा

भिलाई 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के ग्रुप कमांडर विशिष्ट सेवा पदक ब्रिगेडियर ए के दास एवं 37 सी जी बटालियन एनसीसी दुर्ग जिले के एनसीसी कैडेट्स के मध्य परिचर्चा का आयोजन बीआईटी दुर्ग सभागार में आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद ब्रिगेडियर ए के दास द्वारा भारतीय सेना में विगत 34 वर्षों



तक की गई सेवा के अनुभव कैडेट्स के साथ साझा किए उन्होंने कहा कि सफलता के चार मूल मंत्र है योजना एवं संगठन , सामाजिक समायोजन , सामाजिक प्रभावशीलता , गतिशीलता को विस्तार पूर्वक बताया। भारतीय सेनाओं में कैडेट्स किस प्रकार से सफलतापूर्वक चयनित हो सकते हैं उनके द्वारा छात्रों को अवगत कराया गया प्रारंभ से लेकर अंतिम तैयारी तक विशेष बिंदुओं पर कैडेटों को एसएसबी चयन संबंधित जानकारी दी गई इसके अलावा उन्होंने भारतीय सेना में अपना लक्ष्य बना चुके क्रेडिट को ज्ञान, आत्मविश्वास ,नेतृत्व, टीम कार्य , क्षमता आदि के बारे में भी जानकारी दी। 37 सी जी बटालियन एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी कर्नल हेमंत दुबे द्वारा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर ए के दास का स्वागत किया गया एवं उनके सफल मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर सेतु माधवन उपस्थित थे साथ ही एस एम , बी एच एम, 25 ए एन ओज, एन सी ओस, जे सी ओज एवं 250 कैडेट सभागार में उपस्थित थे।

# महापौर ने कल्याणकारी योजनाओं की सामग्री एवं राशि वितरित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 दिसंबर। छत्तीसगढ़ शासन बेमिसाल-चार साल के उपलक्ष्य में निगम भिलाई चरोदा द्वारा वार्ड क्रमांक-सोमनी-38 में गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे निगम महापौर निर्मल कोसरे ने अपने उदबोधन में वर्तमान छत्तीसगढ़ शासन के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शासन द्वारा चलाये जा रही कन्याणकारी योजनाओ के विषय में बताते हुये कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश में गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। स्वर्णिम 04 वर्ष पूर्ण कर चुकी हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के लिए अनेक कार्य किये हैं। किसान, नौजवान और सियान सभी के लिए इस सरकार द्वारा महत्त्वपूर्ण कार्य किये जा रहे है। किसानों की कर्जमाफी. 2500 रू की दर से



धान की खरीदी, गोबर और गोमुत्र खरीदने जैसे निर्णय ने प्रदेश के सभी वर्गों को प्रसन्नता से अभिभूत करने का कार्य किया है। आज प्रदेश का किसान सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्वाभीमानपूर्वक जीवन निर्वाह कर रहा है 7 छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनहित में लिये गये अहम फैसलों के कारण आज प्रदेश में बेरोजगारी की दर घटकर 0.6 प्रतिशत रह गई है। जो इस बात का संकेत करती है कि हमारी सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यो से प्रदेश में खुशहाली का माहोल है। इस कार्यक्रम में वार्ड क्र. 40 गनियारी निवासी कु मुक्ता ठाकुर एवं वार्ड के 05 उमदा निवासी विजय खुटेल को मोटोराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत उरला निवासी साधना पटेल एवं संध्या साहू को 20-20 हजार रूपए की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल योजना के तहत मृत श्रमिक के परिवार लक्ष्मीकांत सरोज निवासी जी केबिन को एक लाख रूपए का चेक वितरण किया गया। वही राजीव गांधी आवासीय पट्टा वितरण 90 हितग्राहीयों को किया गया। वार्ड क्र.04 जरवाय के निवासी सुरेंद्र टिकरिहा का सम्मान भी इसी क्रम में शमिल रहा। इनके द्वारा भारी मात्रा में छत्तीसगढ़ शासन की अपील पर पैरा दान किया गया था। महापौर श्री कोसरे ने बटन दबाकर मोर जमीन मोर मकान योजना के 400 हितग्राहियों को 2 करोड़ 45 लाख रु की राशि का भुगतान करने की घोषणा की। गौरव दिवस के अवसर पर महापौर परिषद् के सदस्य मोहन साहू, श्रीमती दिप्ति वर्मा, श्रीमती देवकुमारी भलावी, एस. वेंकट रमना, एम जॉनी, ईश्वर साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये उपस्थितजनों को सम्बोधित किया। निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी के द्वारा अपने सम्बोधन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन एवं छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत (अरपा पैरी के धार) विषय पर प्रकाश डालते हुये सभी को अवगत कराया।

# अनाधिकृत विकास के तहत एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन की होगी चेकिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने राजस्व से जुड़े हुए आला अधिकारियों की बैठक ली। राजस्व को बढ़ाने पर विशेष फोकस रहा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्व विवरणी की रेंडम जांच राजस्व विभाग के अधिकारी करें, ताकि यह पता चल सके कि जो स्व विवरणी करदाता दे रहे हैं वह सही है कि नहीं यदि गलत पाया जाता है तो अंतर की राशि का 5 गुना पेनाल्टी के साथ ही, आने वाले समय से बढ़ा हुआ टैक्स भी लिया जाएगा। अनधिकृत विकास के दायरे में आने वाले जिसमे बिना परमिशन के भवन निर्माण करने वाले तथा एक्स्ट्रा कंस्ट्रक्शन का भी सर्वे होगा तथा अवैध निर्माण की भी जांच होगी इसके साथ ही भवन अनुज्ञा किस प्रयोजन के लिए जारी किया गया है इसकी भी जांच होगी। यदि आवासीय प्रयोजन के लिए भवन अनुज्ञा दिया गया है तथा इसका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है



तो इसकी भी जांच होगी। निगम का पानी उपयोग करने के बाद भी जलकर नहीं पटाने वालों का भी सर्वे होगा। इन सभी पर सर्वे उपरांत नियम विरुद्ध होने पर तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा तथा विधि संगत सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इन सभी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ इस कार्य को करेंगे। अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के साथ ही अवैध कॉलोनी के नियमितीकरण की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में आर्किटेक्ट को कहा गया कि इन कार्यो में विलंब न करे, जो कार्य आर्किटेक्ट को किए जाने हैं वह कार्य समय पर पूर्ण दस्तावेजों के साथ हो ताकि प्रोसेस में अवरोध न हो। कुर्की वारंट जारी होने के बाद भी बकायेदारों के द्वारा बकाया राशि नहीं देने पर सीधे सील बंदी की कार्यवाही की जाएगी तथा संपत्ति कुर्क करके राशि की वसूली की जाएगी। बैठक में सभी जोन के राजस्व वसूली की बारी-बारी से समीक्षा की गई। निर्यात कर, जलकर, यूजर चार्ज, दुकानों से प्राप्त होने वाले आय, समेकितकर, शिक्षा उपकर, यूनीपोल एवं होर्डिंग से आय की समीक्षा गहन रूप से हुई। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, खिरोद्र भोई, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जल कार्य विभाग के अभियंता संजय शर्मा, राजस्व विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, वास्तुविद, स्पैरो के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## विधायक देवेन्द्र ने बैडमिंटन कोर्ट का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 दिसंबर। वार्ड क्रमांक 63 सेक्टर 6 क्र-3 कालोनी के समीप बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य और वार्ड क्रमांक 64 सेक्टर 10 सड़क 13 एवं 14 के मध्य बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य किया गया गई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से दोनों बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाया गया है। 10- 10 लाख की लागत से दोनों बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण हुआ है, जहां सभी जरूरी सुविधाएं है। सर्व सुविधा युक्त नवनिर्मित इन दोनों बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। देवेंद्र यादव ने फीता काटकर दोनों बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किया और इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया इस दौरान भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि सिर्फ टाउनशिप ही नहीं बल्कि हम पूरे मेला क्षेत्र में पटरी पर के इलाकों में भी इस तरह के बड़े-बड़े विकास कार्य करवा रहे हैं शिक्षा के क्षेत्र में भिलाई हमेशा से अग्रणी रहा है और हम खेल में भी भिलाई को अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं इसके लिए वे जरूरी खास खेल जिस पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया और जिसके लिए भिलाई में कोई खास सुविधा नहीं है वैसे खेलों के लिए सुविधा बनाई जा रही है ताकि हमारे खिलाड़ियों को जरूरी प्लेटफार्म मिल सके। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, विधायक



प्रतिनिधि व लोककर्म प्रभारी एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य मालती ठाकुर,साकेत चंद्राकर, पार्षद सेवन कुमार,पूर्व एमआईसी सदस्य सूर्यकांत सिन्हा,पार्षद सुभद्रा सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है भूपेश बघेल के नेतृत्व में सिर्फ भिलाई ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का विकास हुआ है और छत्तीसगढ़ के किसानों से लेकर मजदूरों के हित और विकास के लिए योजनाएं बनाएंगे शहर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पट्टा का लाभ दिया जा रहा है। हर परिवार को राशन कार्ड बना कर दिया गया है। इस तरह से प्रदेशवासियों के हित में लगातार काम किए जा रहे हैं। 10-10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है। इस बैडमिंटन कोर्ट में सभी जरूरी सुविधाएं हैं। जिससे खिलाडियों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इस बैडमिंटन कोर्ट में रात में भी खेल आयोजन किया जा सके इसके लिए लाइटिंग आदि की सुविधा है। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड के युवाओं को खेल सामग्री का किट वितरण किया।

## कांग्रेस हटाओ कार्यक्रम में रिटायर जज जोशी ने किया भाजपा प्रवेश

भिलाई 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अहिवारा विधानसभा स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाओ कांग्रेस हटाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अग्रवाल जोशी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सेवानिवृत ने विधिवत भाजपा प्रवेश किया। जोशी भाजपा की राजनीति एवं नरेंद्र मोदी के कार्य एवं आदर्शों से प्रभावित हैं। कार्यक्रम में रामविचार नेताम पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर एवं भाजपा जिला दुर्ग एवं भिलाई के जिला अध्यक्ष तथा पूरे अहिवारा विधानसभा के चारों मंडलों के पदाधिकारीगण एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भिलाई के पंत स्टेडियम में खेला जाएगा हीरो अंडर-17 यूथ कप फुटबॉल मैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 दिसंबर। फुटबॉल प्रेमियों के लिए साल का समापन और नए साल का आगाज़ का आगाज़ हीरो अंडर-17 यूथ कप 2022-23 के एक सुनहरे आयोजन के साथ किया जाएगा। प्रतिष्ठित हीरो अंडर-17 यूथ कप 2022-23 में भाग लेने वाली 36 राज्यों की 50 टीमों में से छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली पांच टीमें सेक्टर 1 स्थित पंत स्टेडियम के फुटबॉल ग्राउंड में अपने खेल का जौहर दिखायेंगी। देष के कुल 10 शहरों में खेले जाने वाले मैच में से भिलाई को उत्तम खेल सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण चुना गया है। 29 दिसंबर 2022 से प्रारंभ होकर 6 जनवरी 2023 तक चलने वाले मैच में प्रत्येक दिन दो मैच खेले जाएंगे तथा कुल 10 मैच खेले जाएंगे। भिलाई में राउंड रॉबिन लीग के आधार पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के मैच अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ और भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। यह बीएसपी के लिए अत्यंत ही गौरव का विषय है कि बीएसपी द्वारा संचालित एवं प्रबंधित पंत स्टेडियम की उत्कृष्ट सुविधाओं को देखते हुए इसे आयोजन स्थल के रूप में चुना गया है। यह स्टेडियम, व्यवस्थित फुटबॉल ग्राउंड, 30 व्यक्तियों हेतु ड्रेसिंग रूम, मैच अधिकारियों और रेफरी आदि के लिए कमरे सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। भिलाई में खेलने वाली चार टीमों में रामकृष्ण मिशन, नारायणपुर की राज्य स्कूल चैंपियन टीम शामिल है जो छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रही है, इसके साथ-साथ मुथुट फुटबॉल अकादमी जो केरल का प्रतिनिधित्व कर रही है, चेन्नई फुटबॉल क्लब, प्रीमियर स्पोर्टिंग अकादमी जो बिहार का प्रतिनिधित्व कर रही है और डायमंड रॉक फुटबॉल अकादमी जो मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही टीमें भी शामिल है। रामकृष्ण मिशन की अंडर-17 और अंडर-14 की दोनों टीमें स्टेट स्कूल चैंपियन हैं।

# कैबिनेट मंत्री ने पांच विपत्तिग्रस्त परिवारों को 20 लाख रुपए के चेक बांटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 18 दिसंबर। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज शनिवार को कबीरधाम प्रवास के दौरान पांच विपत्तिग्रस्त परिवार को 20 लाख रूपए चेक वितरण किया। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने विपत्तिग्रस्त परिवार के हितग्राहियों को राशि का चेक वितरण करने के पश्चात कहा कि हितग्राहियों को लाभान्वित करने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वित्त आयोग के सिफारिश के आधार पर मिलने वाली राशि है जिसे सीधे विपत्तिग्रस्त परिवार के हितग्राहियों को दिया जाता है। वन मंत्री ने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते हैं।



चेक वितरण करते समय मंत्री श्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की।

मंत्री श्री अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत तहसील बोड़ला के खरहट्टा निवासी श्रीमती बिमला बेवा को, ग्राम मराडबरा निवासी श्री बुधराम को, ग्राम जामुनपानी निवासी श्री मंगलू को, ग्राम सिवनीखुर्द में श्री धूपलाल को और ग्राम खम्हरिया में श्रीमती पालिया बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत चार-चार लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री अकबर द्वारा विपत्तिग्रस्त परिवारों को उनके घर में जाकर चेक प्रदान किया जा रहा है। जिससे हितग्राहियों को राशि सीधे उनके पास पहुंच सके। हितग्राहियों को इस कठिन समय में राशि प्राप्त होने से आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी राम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, श्री संतोष अवस्थी, श्रीमती शमसाद बेगम, श्री अर्जुन पटेल, विसर्जन धुर्वे, श्री भरत गुप्ता, कवर्धा कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, श्री पिताम्बर वर्मा सहित पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल व समस्त सभापति, एल्डरमेन, पार्षदगण सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

एक नजर

### निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचर संहिता प्रभावशील

**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022-23 के लिए इस जिले के रिक्त पंच एवं सरपंच के ग्राम पंचायतों मोरमेड़, दम्पाया, सण्ड्रापल्ली, गुन्लापेंटा, अर्जुनल्ली, अंगमपल्ली, टिण्डोडी, पालागुड़ा के निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य आयोग द्वारा समय-अनुसूची कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और इस घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। अत: आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करें।

### सामान्य सभा की बैठक 21 दिसम्बर को

**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 21 दिसम्बर 2022 को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम पर प्रतिबंध

**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक आईटम के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध किया गया है। जिसके अंतर्गत प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्मोकाल) की सजावटी सामग्री। प्लेटें, कप गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्टिर्र शामिल है।

### धान खरीदीः जिले के किसानों को चार वर्षों में 2023.97 करोड़ का भुगतान

**उत्तर बस्तर कांकेर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के उद्देश्य से शासन के द्वारा प्रतिवर्ष रामर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। यह सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है। कांकेर जिले में खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में कुल 2,80,370.61 मीट्रिक टन धान की खरीदी जिले के 35 समितियों के माध्यम से 113 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा की गई है। वर्ष 2019-20 में कुल 74,280 पंजीकृत कृषक थे, जिनका कुल रकबा 1,09,627.28 हेक्टेयर था। इन पंजीकृत कृषकों में से 67,116 कृषकों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है। इन कृषकों को 5,13.09 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 कुल 2,96,518.24 मीट्रिक टन धान की खरीदी जिले के 70 समितियों के माध्यम से 125 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा की गई है। वर्ष 2020-21 में कुल 81,825 पंजीकृत कृषक थे, जिनका कुल रकबा 1,08,332.67 हेक्टेयर था। इन पंजीकृत कृषकों में से 74,996 कृषकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है। इन कृषकों को 5,57.72 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में कुल 31,89,700.00 मेट्रिक टन धान की खरीदी जिले के 70 समितियों के माध्यम से 137 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा की गई है। वर्ष 2021-22 में कुल 91,208 पंजीकृत कृषक थे, जिनका कुल रकबा 1,19,935.68 हेक्टेयर था। इन पंजीकृत कृषकों में से 77,948 कृषकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया। इन कृषकों को 6,19.68 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। खरीफविपणन वर्ष 2022-23 में कुल 16,96,962.40 मैट्रिक टन धान की खरीदी जिले के 70 समितियों के माध्यम से 137 उपार्जन केन्द्रों के द्वारा की गई है। वर्ष 2022-23 में कुल 95,210 पंजीकृत कृषक थे, जिनका कुल रकबा 1,34,298.44 हेक्टेयर था। इन पंजीकृत कृषकों में से 42,186 कृषकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है, जिसके लिए इन कृषकों को 3,46.48 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार कांकेर जिले के किसानों को चार वर्षों में अब तक 2023.97 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिया संदेश

# प्रदेश की जनता को गिनाई चार वर्ष की सफलता और सरकार की उपलब्धियां

## भैरमगढ़ ब्लाक के पुसनार गौठान व बीजापुर के नैमेड़ संग्रहण केन्द्र में विधायक हुए शामिल



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पिछले चार सालों में सरकार की उपलब्धि एवं अन्य सफलताओं से भरा संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले प्रदेश के अन्नदाताओं का ऋण माफ किया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को धान की कीमत अब पूरे देश में सबसे अधिक मिल रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से लेकर भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में सरकार ने योजनाएं चलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अकल्पनीय-असोचनीय काम भी सरकार में गोबर खरीद कर पूरा किया है। सरकार की योजनओं से आमलोगों को सीधा आर्थिक लाभ हुआ है और छत्तीसगढ़ के लोगों में खुशहाली बढ़ी है। बघेल ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ राज्य के विकास और खुशहाली के अपने पुरखों की सपने को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गो आदि सभी वर्गो-समाजों के लिए योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। राज्य का सर्वागीण विकास करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

पुसनार के गौठान और नैमेड़ के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विगत चार सालो मे बीजापुर जिले की दशा और दिशा बदल चुकी है माताएं बहनें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है आज गौठानो के माध्यम से आजिविका संवर्धन के कार्यो मे संलग्न है गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी खाद का उत्पादन और विक्रय, मल्टीएक्टिविटी मे पशुपालन, अंडा उत्पादन, सब्जी उत्पादन, तारलिंक फेन्सिंग सीमेंट ईट, जैसे कार्य गौठानो मे संचालित हो रही है जिसमें महिला स्व सहायता समूह बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपना आमदनी का स्त्रोत बढ़ा रहे है मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व मे चार साल के दौरान विभिन्न योजनाओं राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, कर्जमाफी, सर्मथन मूल्य पर धान खरीदी, बिजली बिल हाफ, राजीव युवा मितान, तेंदूपत्ता राशि में बढोत्तरी

वन अधिकार पत्र रुलर इंडस्ट्रीयल पार्क जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं से जिले के नागरिक लाभान्वित हुए है।बीजापुर जिला अतिसंवेदनशील दुर्गम पहाडियों और वनो से घिरा है विपरीत. परिस्थितियों के बावजूद विकास की गति तेजी से बढ़ रही है और सबसे अधिक वनअधिकार पत्र बीजापुर जिले में यहाँ के किसानों को मिला जहाँ पहले पहुंचना मुश्किल था दूरुस्थ क्षेत्रों में वन अधिकार पत्र बिजली, सड़क, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवनो का निर्माण कराया गया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य सोमारूराम कश्यप, संतकुमारी मंडावी, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, सीईओ जिला पंचायत रविकुमार साहू, अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, एसडीएम उत्तम सिंह पंचारी, सहित सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी मीडिया प्रतिनिधि, गौठान समिति के सदस्य, सहित ग्रामीण जनो की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### पुसनार में मनाया गया गौरव दिवस



**बीजापुर, 18 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर गौरव दिवस कार्यक्रम भैरमगढ़ ब्लाक के पुसनार गौठान मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, सहित जिला पंचायत सदस्य मती संतकुमारी मंडावी, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम उत्तम सिंह पंचारी, सीईओ जनपद पंचायत जेआर अरकरा तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी गौठान समिति के सदस्य शामिल हुए।

# भाजपा ने फूंका पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला

## पाकिस्तान के बचकाने विदेश मंत्री से आप और क्या उम्मीद कर सकते है : विक्रम उसेंडी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 18 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला नारायणपुर के द्वारा नगर के जयस्तंभ चौक मे पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान के खिलाफ पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला फूँककर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व मंत्री व पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा की सत्ता में बने रहने के स्वार्थ के बीच पाकिस्तान की बदहाल होती आर्थिक स्थिति, पाकिस्तान की अराजकता पूर्ण स्थिति,



पाकिस्तान की सेना में मनमुटाव, दुनिया के देशों से खराब होते पाकिस्तान के रिश्ते और आतंकवाद को पाल- परोसकर बड़ा करने की नीति से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ऐसा कायरतापूर्ण, अहमकाना और गिरा हुआ बयान दिया है। हताश, निराश और दिवालिये पाकिस्तान के बचकाने विदेश मंत्री से आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं एक ओर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वपटल पर भारत की धाक जम रही है, दूसरी ओर हर मोर्चे पर पाकिस्तान की खिल्ली उड़ रही है। एक ओर भारत की विदेश नीति की सर्वत्र सराहना हो रही है, दूसरी ओर पाकिस्तान को छोटे से छोटा देश आँखे दिखा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में पाकिस्तान के छात्र तो तिरंगे के सहारे सुरक्षित निकल पाए थे, ये तो सब ने देखा है।

# चुनाव में कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है : विष्णुदेव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 18 दिसंबर।** जिला मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपा के नेता अपने निर्धारित कार्यक्रम उपस्थित न होकर विलंब पहुंचे। सभा स्थल पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा और स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया।



धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, संजय पांडे, श्रीनिवास मुदलियार, घासी राम नाग महिला व युवा मोर्चा समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार और विधायक को स्थानीय मुद्दों पर जमकर घेरा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत सभी कांग्रेसी विधायक एवं मंत्रियों को राज्य को लूटने वाली सरकार कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार हावी और आरक्षण के मामले में प्रदेश के आदिवासियों को लगातार कांग्रेस सरकार का दोहरा चरित्र अपनाया है। तथा आदिवासियों का शोषण करने का षड्यंत्र रच रही है। पूर्वी केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार गौरव दिवस मना रही है जबकि यह कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारी है।

पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने बीजापुर विधायक और जिला प्रशासन पर स्थानीय भर्तियों में पैसों का लेनदेन कर युवाओं को नौकरी देने का आरोप लगाया है। पूर्व महेश गागड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि अनुकंपा जैसी नियुक्तियों में भी पैसे लेनदेन की गई। धरना प्रदर्शन के बाद स्थानीय बस स्टैंड चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा और स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश का किया गया श्रवण

# राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर मनाया गया गौरव दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर/कांकेर 18 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 04 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के गौठानों एवं धान खरीदी केंद्रों में, नगरीय निकायों के वार्डों में कार्यक्रम का आयोजन कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश को सुना गया।



कांकेर विकासखण्ड के ग्राम अंजनी गौठान में आयोजित छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम में संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, चारामा विकासखण्ड के ग्राम भिरौद गौठान में आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पोडगांव में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अंतागढ़ अनूप नाग शामिल हुए। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने ग्राम अंजनी में आयोजित छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था, वे अब साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित किया जा रहा है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। किसानों के कर्ज माफ किये गये, बिजली बिल हॉफ किया गया, महिलाओं को गौठान और गौठान के बाहर काम मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना से हाट-बाजारों में भी ईलाज की सुविधा मिल रहा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् किसान लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार ने हर आदमी को लाभ दिलाने का कार्य किया है। गांव के संसाधनों के उपयोग का हक गांव वालों को मिला है, उन्हें सामुदायिक वन संसाधन हक दिये जा रहे हैं। कांकेर जिले में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है, जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को पुनर्जीवित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहार-पोला, तीजा, हरेली, खेल-कूद-फुगड़ी, कबड्डी, भौंरा, खो-खो इत्यादि जिसे हम भूलते जा रहे थे, उन्हें पुनर्जीवन मिला है। शासकीय योजनाओं से लाभ उठाने की अपील करते हुए शोरी ने कहा कि सरकार द्वारा गौठानों में इंडस्टियल पार्क स्थापित किये जा रहे हैं, महिलाओं को स्व-सहायता समूह के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं से मिले फायदों की जानकारी भी दिया गया। कार्यक्रम में स्थाई जाति प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया।

समाचार संक्षेप

### पुसनार में खुला सीआरपीएफ कैम्प इलाज के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल की 85 वीं वाहिनी द्वारा थाना गंगलूर के अन्तर्गत पुसनार गांव में दिनांक 16 दिसंबर को कैम्प स्थापित किया गया। नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में कैम्प स्थापना को लेकर स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उल्लास देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुशील कुमार मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक (परि0) केरिपुबल, बीजापुर, कामलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ पुलिस, जे0वी0 तुसिंग, कमाण्डेन्ट, 85 वीं वाहिनी एवं आंजनेय वैशनैय, पुलिस अधीक्षक, (भा0पु0से0) बीजापुर, उपस्थित थे। कैम्प खुलते ही, स्थानीय नागरिक अपनी स्वास्थ्य संबंधी एवं अन्य समस्याओं के निवारण हेतु कैम्प पहुंचे जहां अधिकारियों द्वारा उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया गया। चिकित्सा अधिकारी 85 वी वाहिनी व उनकी सहयोगी चिकित्सा टीम द्वारा ग्रामीणों का त्वरित ईलाज किया गया जिसके तहत आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं दवाईयां प्रदान की गई। केरिपुबल की इस सफलता के साथ ही लंबे अरसे से मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्षेत्र की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### शिविर में जवाहर नवोदय विद्यालय के 362 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। ज्ञात हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में चारों ब्लॉकों से आने वाले 362 छात्र छात्राओं, जिसमें 201 छात्र तथा 161 छात्राएं सम्मिलित रहे है। इन सभी छात्र छात्राओं हेतु मुख्यालय विद्यालय में ही जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों तथा चिकित्सा सहायकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें डॉक्टर सजल बाफना, डॉक्टर पूर्णिमा गहलोत, राजा (फार्मासिस्ट) तथा विपिन (सहायक) योगदान रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के डॉक्टर संदीप कुमार यादव, संघर्ष कुमार, कमल कुमार, कविता कुशवाहा तथा माधवी दुर्गम (नर्स) ने भी योगदान दिया। इस हेल्थ चेकअप में सभी बच्चों के रक्त की जांच के अलावा नेत्र परीक्षण भी किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्य वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जिलाधीश सह अध्यक्ष नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति राजेंद्र कुमार कटारा एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायकों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

### केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एजुकेशन सिटी में स्थित केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में शुक्रवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि कुमार साहू नामित अध्यक्ष, (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर एवं विशिष्ट अतिथिगण प्रेम कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर बीजापुर एवं यशवंत कुमार ध्रुव, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय बीजापुर ने उपस्थित होकर विद्यालय के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य राकेश टी कांतिवाल ने उपस्थित समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विद्यालय में कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वागत गीत एवं लोक नृत्य के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि ने समस्त विजेता, उप विजेता छात्रों एवं प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालन में समस्त शिक्षकों का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा।

### चालकों के लिये नेत्र परीक्षण शिविर आयोजति




**बीजापुर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न्यू बस स्टेण्ड बीजापुर में जिला अस्पताल से समन्वय स्थापित कर वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया। यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा जिला अस्पताल बीजापुर से समन्वय स्थापित कर नेत्र विशेषज्ञ एवं सहायक के द्वारा जिला बीजापुर के वाहन चालकों के लिये नेत्र परीक्षण शिविर लगाकर चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में कुल 27 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया।

### राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला जनसंपर्क कार्यालय कांकेर द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर कांकेर शहर के घड़ी चौक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के चार वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाया गया है, जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, तेंदूपत्ता एवं लघु वनोपज की खरीदी, छत्तीसगढ़ से निर्यात, कृषि ऋण माफी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, गोधन न्याय योजना, कृषि एवं वनोपज का वेल्यू-एडिशन से रोजगार एवं आय में वृद्धि, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, राजीव युवा मितान क्लब, बिजली बिल हाफ, कृष्ण कुंज, सुराजी गांव योजना इत्यादि में राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट एवं पुस्तकों का वितरण भी किया जा रहा है। उक्त छायाचित्र प्रदर्शनी रविवार को भी शाम तक रहेगा। तत्पश्चात् विकासखण्ड मुख्यालयों में बाजार दिवस को छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

## एक नजर

### पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज देव ने सांसद को सौंपा मांगपत्र

**सुकमा 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा सुकमा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज देव ने राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय को दिया मांगपत्र लोकसभा सांसद से मांग किया कि सुकमा व मलकानगिरी को एनएच व एक्सप्रेसवे से जोड़ने का प्रस्ताव एनएचआई को सांसद महोदय द्वारा भेजा जाए। क्योंकि मलकानगिरी में रेलवे स्टेशन, एयर स्ट्रीप और बड़ा सीमेंट उद्योग की आधारशिला रखी जा रही। जगदलपुर- केशलूर से कोंटा तक 169 किलोमीटर सड़क का उन्नयन व फोरलेन की स्वीकृति, नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाली 8 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण, सुकमा से कोंटा तक 78 किलोमीटर की सड़क पर डामरीकरण जैसे मांग हेतु स्वीकृति प्रदान कराने का मांग लोकसभा सांसद से किया।

### इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प' 16 से 31 दिसंबर तक

**रायपुर 18 दिसंबर।** सबसे बेहतर सर्विस और स्वामित्व का अनुभव देने की इसुजु की प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के अपने प्रयास में, इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में 'इसुजु आई-केयर विंटर कैम्प चलाएगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी-मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 16 दिसंबर से 31 दिसंबर,2022 (दोनों दिन शामिल) के बीच, इसुजु केयर की एक पहल, विंटर कैम्प का इंतजाम इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं। कैम्प में आने वाले ग्राहकों को निम्नलिखित सुविधाओं में निश्शुल्क 37-बिंदु व्यापक जांच, मुफ्त गाडी टॉप वॉश, लेबर पर 10 प्रतिशत की छूट, पार्ट्स पर 5प्रतिशत की छूट, इंजन ऑयल और फ्ल्यूड्स पर 5 प्रतिशत की छूट शामिल है। कुछ सुविधाओं में नियम व शर्तें लागू रहेगी । सर्विस बुकिंग के लिये ग्राहक नजदीकी इसुजु डीलर आउटलेट पर कॉल कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिये ग्राहक टोल फ्री नंबर 1800 4199 188 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मावा नाटे मावा राज' की तर्ज पर गांव को स्वायतता देना-मनीष कुंजाम

**सुकमा 18 दिसंबर।** जिले के स्थानीय पूर्व विधायक प्रदेश सचिव मनीष कुंजाम ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि, पंचायत उपबंध अधिनियम जिसे पेशा कानून कहा जाता है, उसे लागू करने राज्य सरकार नियम बनाया है, जो कि 8 अगस्त 2022 से राजपत्र में प्रकाशित होने के उपरांत प्रभावशील या क्रियाशील माना जाना चाहिए। लेकिन उसको लेकर प्रशासन में कहीं कोई हलचल है ऐसा लगता नहीं है और न ही दिखता है। वैसे यह केंद्रीय कानून 1996 - 97 से वैसे ही अपने आप लागू हो गया है। इस कानून को लेकर काफी लिखा- पढ़ा गया है, और चर्चा परिचर्चा, वाद - विवाद हुआ है और होता रहेगा इस कानून का मूल मकसद है 'मावा नाटे मावा राज' के तर्ज पर गांव को स्वायतता देना है और जिलों को भी जितना संभव हो स्वशासी जिला बनाना है। देश की कानून निर्माण की सर्वोच्च संस्था संसद ने भले ही यह कानून बनाया है, और इसके बने 25 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो गया है परंतु अब भी बड़ा सवाल बना हुआ है कि यह कब अपने मूल मकसद को पा लेगा। इस कानून के प्रकाश में उल्लेख करना लाजमी है कि दक्षिण पश्चिम बस्तर के दूरस्थ अंचलों के 9 स्थानों जैसे सिलगेंर, सिंगाराम,गोंडेरास, गोमपाड, बेछा,गंगालूर आदि में विगत डेढ़ वर्षो से क्रमिक धरना आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से मूलनिवासी बचाओ मंच के नेतृत्व में ग्रामीण कर रहे है। उनकी प्रमुख मांग है कि सरकार पेसा कानून को वादे के मुताबिक प्रभावी ढंग से लागू करें ।

# छत्तीसगढ़ में किसानों सहित सभी वर्गों में आई संपन्नता: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री से अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 18 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, मध्यप्रदेश, बिहार आदि से आए कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही हमने सबसे पहले किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले किए। हमने किसानों की कर्ज माफी की। देश में सबसे ज्यादा धान का मूल्य देने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, आदिवासियों सहित सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए हमने जो नीति बनाई, उससे सभी वर्गों को आगे बढ़ने



का बेहतर अवसर मिला है। इसके जरिए गांव-गांव में लोगों को रोजगार मिला है और पलायन रुका है।

प्रदेश में हर वर्ग के लोगों की आय बढ़ी है। राज्य में आज संपन्नता दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं। गांव-गांव में लोगों को आजीविका के साधन उपलब्ध हुए हैं, जिससे उन्हें आमदनी का अच्छा स्रोत उपलब्ध हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में उनसे तमिलनाडु के तंजावुर से आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की थी। तंजावुर के किसानों ने छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा उठाए जा रहे किसान हितैषी फैसलों के लिए आभार जताया था। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष श्री सर्वेश कटिहार, श्री उत्तम प्रकाश सिंह, श्री उमाकांत वर्मा, श्री चंद्र भूषण वर्मा, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती सरिता वर्मा, श्रीमती सरोज पटेल,श्री प्रहलाद पटेल, श्री सदानंद, श्री के श्रीनिवास, श्री उमेश बाबू, श्री विश्वनाथन, श्री उमाकांत वर्मा, श्री अमर बहादुर पटेल, श्री सचिन पटेल सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में बनने वाले 'गांधी सेवा ग्राम' स्थल का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नवा रायपुर में महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप बनने वाले 'गांधी सेवा ग्राम' स्थल का निरीक्षण किया। नवा-रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम के लिए 75 एकड़ की जमीन चिन्हांकित की गई है। इसे ग्रामीण परिवेश के रूप में विकसित किया जाएगा। गौरतलब है कि लोक सभा सांसद श्री राहुल गांधी ने 3 फरवरी 2022 को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गांधी सेवा ग्राम की आधारशिला रखी थी। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की परंपरागत ग्रामीण भवन शैली की झलक दिखेगी। निर्माण कार्यों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग होगा। यहां की सड़के भी ग्रामीण परिवेश के अनुरूप होंगी। सेवा ग्राम तक पूरा क्षेत्र हरियाली से भरपूर रहेगा। सेवा-ग्राम के निर्माण में मिट्टी, चूना, पत्थर जैसी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करते हुए किया जाएगा। सेवाग्राम में गांधीवादी सिद्धांतों, ग्रामीण कला और शिल्प के केंद्र विकसित किए जाएंगे, जहां अतिथि विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। यहां छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं को प्रोत्साहन साथ ही वहां वृद्धाश्रम तथा वंचितों के लिए स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे। बुजुर्गों को दूसरा घर देकर और वैचारिक आदान-प्रदान की सुविधा होगी। साथ ही विजिटर्स सेंटर और गांधी के सिद्धांतों को स्मरण करने का केंद्र होगा।

# बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर अखिल भारतीय स्पर्धा 'स्पलैश'

**रायपुर 18 दिसंबर।** भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बडो बैंक एक्सिस बैंक ने बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर अखिल भारतीय स्पर्धा 'स्पलैश' आयोजित करने का एलान किया है। इस स्पर्धा में 7-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकेंगे। स्पलैश 22-23 का आयोजन फिजीटली किया जाएगा, ताकि देशभर के बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिले। प्रतिभागी 12 दिसंबर 22 से 5 फरवरी 23 तक https://www.a&isbanksplash.in / के माध्यम से पंजीकरण और अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को ड्राइंग, लेखन और शिल्प के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और विचारों को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 6 फाइनलिस्ट में हरेक को मिलेंगे 1 लाख रुपए, 6 उपविजेताओं में हरेक को हासिल होंगे 50 हजार रुपए । अंतिम प्रविष्टियों को नॉन-फंजीबल टोकन (एनएफटी) के रूप में किया जाएगा परिवर्तित एवं फाइनल इवेंट की जूरी में अमर चित्र कथा में ग्रुप आर्ट डायरेक्टर सैवियो मस्कारेनहास, और प्लेशिफू में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट-डिज़ाइन सौम्या तिवारी रहेंगी । एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर के अनुसार - हमारे आसपास के पर्यावरण के संरक्षण के लिए बच्चों को संवेदनशील बनाने के मिशन के साथ, इस वर्ष प्रतियोगिता दो विषयों पर केंद्रित होगी - 7-10 वर्ष के आयु वर्ग के लिए 'एवरग्रीन इंडिया' और 11-14 आयु वर्ग के लिए 'इंडिया 2030' थीम रखी गई है। बच्चे निम्नलिखित फार्मेट के माध्यम से अपनी प्रविष्टियां जमा करना चुन सकते हैं जैस कला - ड्राइंग, साहित्य - कोई कहानी या कविता या निबंध लिखें, शिल्प - कचरे का पुनर्उपयोग करें और कुछ उपयोगी वस्तुओं का आविष्कार करें। उन्हें इस विचार को लिखित रूप में या 60 सेकंड का वीडियो बनाकर समझाने की आवश्यकता है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर ने कहा, ''हमें स्पलैश की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य बच्चों की कल्पना को नए आयाम देते हुए उन्हें दायित्वपूर्ण नागरिक बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। एक माध्यम के रूप में कला का उपयोग करके वे हमें यह बता सकते हैं कि वे हमसे विरासत में मिली दुनिया की हिफाजत कैसे करेंगे। इस साल, हमने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ऑन-ग्राउंड गतिविधियों और स्कूल में प्रतियोगिताओं जैसे कई विकल्प प्रदान किए हैं, जो देश भर के बच्चों को विचार प्रस्तुत करने और उनकी रचनात्मकता दिखाने के समान अवसर प्रदान करेंगे।

### श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का कवासी लखमा ने किया उद्घाटन



**सुकमा 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उन्होंने कहा की इस योजना के तहत अबतक 17 करोड़ 92 लाख बाजार मूल्य की दवाईयों पर 10 करोड़ रूपये की छूट देते हुए 5 लाख 92 हजार नागरिकों को लाभान्वित किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीब लोगों को सस्ती दरों पर दवा उपलब्ध कराने के लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना शुरू की है। इस दौरान कलेक्टर हरीश एस, जीव जंतु बोर्ड के सदस्य करण सिंह देव जी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा जी, नपा अध्यक्ष राजू साहू, योग आयोग के सदस्य राजेश नारा, मुन्नवर अली, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 18 दिसंबर।** शासकीय हाई स्कूल रावड में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती मधुबाला रात्रे के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण पूजन अर्चन कर एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष तुलसीराम यदु विशिष्ट अतिथि सरपंच उपसरपंच दीपक साहू ने किया।संस्था के प्राचार्य चैतन्य कुमार यदु ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि इस वर्ष सरस्वती साइकिल योजना के तहत कुल 21 छात्राओं को सायकल वितरित किए जा रहे हैं तथा संस्था की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि पूर्व वर्षो मे कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा है तथा विगत 4 वर्षो से संस्था के स्काउट एवं



गाइड के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण कर महामहिम राज्यपाल के हाथों कई छात्रों ने सम्मान प्राप्त किए हैं।शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा विद्यालय की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के संबंध में मांग पत्र सौंपा ग्राम के सरपंच हलधर साहू एवं उपसरपंच दीपक साहू के द्वारा भी विद्यालय की प्रशंसा करते हुए सायकल प्राप्त करने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को अच्छे से अध्ययन कर अच्छे श्रेणी में सफलता प्राप्त कर अपना एवं गांव का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे संस्था की उपलब्धियों को जानकर अभिभूत हुए और विद्यालय के शिक्षकों शाला विकास समिति के सदस्यों बच्चों की खूब प्रशंसा की एवं स्काउट गाइड के क्षेत्र में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और उन्होंने बच्चों को शुद्ध पेयजल हेतु ?50000 की वाटर कूलर एवं ?100000 सायकल स्टैड बनाने के लिए घोषणा की। विद्यालय की अन्य समस्याओं को भी हल करने की बातें कही। इस अवसर पर व्याख्याता योगिता यादव वर्षा देवांगन पंचगण लवकुश साहू, शेखर साहू, नरेश कुमार निषाद, चमारिन बाई, लक्ष्मी कुर्रे,कामिनी देवांगन, कुमारी बाई, रामबाई पटेल, शाला विकास समिति के सदस्य कुंजलाल निषाद रामदास भारती एवं ग्रामीण जन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बिजली के नंगे तार के संपर्क में आने से दो बच्चों की मौत, दोनों रिश्तेदार थे

**गरियाबंद 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



गरियाबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत केराबाहरा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर करंट की चपेट में आने से दो चचेरे भाईयो की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है। पुलिस से हुई चर्चा में उन्होंने बतलाया कि जो बिजली अवैधानिक रूप से था गरियाबंद के जोबा केराबाहरा निवासी सेवा राम कश्यप परिवार के यहां की है। आज दोपहर अपने दोनों भाई खेलने गए थे जहां करंट की चपेट में आ गये। करंट से चिपके देख उसके दोनों बच्चे बचाने के लिए माँ सामने आई पर मौके पर ही दोनों बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान दोनों बच्चे घर के पास में लगे खेत में खेंलने गए थे मृतकों में दुर्गेश कश्यप उम्र 8 साल और ससंकार कश्यप उम्र 6 साल शामिल है। वही गाव के सरपंच एवं परिजनो के साथ दोनों बच्चों को ज़िला अस्पताल लाया गया जहां दोनों बच्चो को मृत घोसित किया गया फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# कोबरा कमांडेंट के दिशा निर्देशन में गर्भवती महिला को पहुंचाया अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा18 दिसंबर।** जिले के सुदूरवर्ती अति नक्सल प्रभावित ग्राम पोटकपल्ली में मानवता की एक अभूतपूर्व मिसाल देखने को मिली है। पोटकपल्ली गांव में स्थित सुरक्षा बल कैंप में तैनात कोबरा 208 कोबरा सीआरपीएफ 212 बटालियन तथा एसटीएफ द्वारा एक प्रेरणादायी मानवतापूर्ण कार्य किया गया है। जिसके अंतर्गत आज सुबह पोटकपल्ली गांव के ग्रामीणों द्वारा सुरक्षाबल कैंप पोटकपल्ली में सूचना दी गई कि,गांव की ही रहने वाली महिला वेट्टी माया पत्नी भीमाराम वेट्टी जोकि गर्भवती थी, उसे आज सुबह ही तीव्र प्रसव पीड़ा हुई उपरोक्त स्थिति में महिला के पति सहित ग्रामीणों द्वारा तत्काल माया को चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने और आपात स्थिति होने के कारण सहयोग की अपील की गई।जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कैंप में उपस्थित कमांडेंट 208 कोबरा के दिशा निर्देशन में कैंप में उपस्थित 208 कोबरा के चिकित्सा अधिकारी श्री



राजेश पुट्टा एवं श्री राजेंद्र सिंह उप कमांडेंट सहित एक मेडिकल टीम तत्काल ही आवश्यक चिकित्सकीय सहायता से लैस होकर मोटकपल्ली गांव में प्रसव पीड़ित महिला के घर पहुंची चिकित्सा अधिकारी 208 कोबरा द्वारा महिला को तत्काल दवाओं के माध्यम से स्थिरता देने के पश्चात निकटतम अस्पताल में प्रसव कराने हेतु स्थानांतरित करने की सलाह दी, जिस पर श्री जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 208 कोबरा ने तत्काल ही श्री एस.के .राय उपमहानिरीक्षक रेंज कोंटा को इस मामले में सूचित किया तथा उनके दिशा निर्देश पर तत्काल ही एक सिविल वाहन की व्यवस्था की एवं एक सुरक्षा दस्ते की निगरानी में सिविल वाहन में प्रसव पीड़ित महिला को भद्राचलम स्थित सिविल अस्पताल भिजवाया मार्ग में तत्काल निष्कासन के लिए 208 कोबरा, एसटीएफ तथा सीआरपीएफ द्वारा आवश्यक उपाय किए गए थे। अस्पताल में पहुंच कर वेट्टी माया ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। उपरोक्त सहायता के लिए वेट्टी माया के परिवार सहित पूरे पोटकपल्ली ग्रामवासियों तथा भद्राचलम अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा भी 208 कोबरा, एसटीएफ, सीआरपीएफ के द्वारा त्वरित सहायता प्रदान करने तथा मानवता को प्राथमिकता देने के लिए सराहा। ज्ञात हो कि अभी 1 वर्ष भी नहीं हुआ है जब नक्सल प्रभावित पोटक पल्ली गांव में सुरक्षा बल कैंप लगाया गया और उसके पश्चात गांव तक पक्की रोड का निर्माण हुआ ।आज इसी के कारण ही एक प्रसव पीड़ित महिला एवं उसके नवजात शिशु को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिलने के कारण एवं तीव्र आवागमन होने से तत्काल अस्पताल पहुंचाने में देरी नहीं हुई एवं उनकी जान बच गई ।

### पति ने की पत्नी की हत्या, बेहोश पति की भी मौत, पति के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज

**गरियाबंद 18 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



गरियाबंद के समीप स्थित ग्राम कुसुम बूढ़ा में एक अनोखा वारदात सामने आया है जिसमें पति के द्वारा पत्नी की हत्या करने के बाद पति बेहोश हो गया और अस्पताल लाने पर हार्टअटैक से उसकी मौत हो गई पुलिस ने घटना की विवेचना जारी रखी है वहीं इस प्रकरण में मृत पति के विरुद्ध 302 का अपराध दर्ज कर लिया है गरियाबंद के समीप स्थित ग्राम कुसुंमबुडा की रतनी बाई उम्र 23 वर्ष की हत्या उसके ही पति वीरेंद्र ध्रुव ने धारदार हसिँया से राचर लारी जगँल क्षेत्र कंपार्टमेंट क्रमाक 597 मे गला काटकर कर दी तत्पश्चात पति के बेहोश होने पर पति को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत हार्ट अटैक से होना बतलाया है इस प्रकरण में पुलिस ने उसके मृत पति के विरुद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज करते हुए हसिँया व अन्य कपड़े जप्त कर लिए हैं।

### एचडीएफसी बैंक ने भारत में 100 नई शाखाएं खोलीं

**रायपुर 18 दिसंबर।** एचडीएफसी बैंक ने देश में 100 नई शाखाएं खोली हैं। ये नई शाखाएं 15 राज्यों और केंद्रीय प्रांतों के 83 शहरों/कस्बों में खोली गई हैं। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत शाखाएं अर्द्धशहरी और ग्रामीण इलाकों में हैं। ये नई शाखाएं बैंक के एमडी एवं सीईओ, श्री शशिधर जगदीशन द्वारा डिजिटल माध्यम से लॉन्च की गई। मध्य प्रदेश से बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।नई शाखाओं के बारे में श्री अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड - रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ''हम फिज़िकल ब्रांच यूनिट्स और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के मिश्रण के साथ अपने ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आने वाले महीनों में और ज्यादा शाखाएं खोलेंगे, जिससे गुणवत्तायुक्त बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं पूरे देश में उपलब्ध हो सकेंगे।'' बैंक ने मौजूदा वित्तवर्ष में 425 रिटेल शाखाएं और चार डिजिटल बैंकिंग यूनिट खोली हैं। 15 दिसंबर, 2022 तक बैंक के वितरण नेटवर्क में 3,279 शहरों/कस्बों में 6,762 रिटेल शाखाएं, चार डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स, और 17,076 एटीएम थे। एचडीएफसी बैंक का विस्तारित वितरण नेटवर्क अपने व्यवसायों में वृद्धि को सपोर्ट करेगा और पूरे देश में ग्राहकों को सेवाएं देने में बैंक की मदद करेगा।

## प्रथम पेज का शेष

### जय-वीरू और सिक्का

बिजली बिल हाफ की घोषणा का क्रियान्वयन कर भूपेश दाऊ ने जनता का विश्वास जीता है। सबसे प्रमुख बात यह है कि वे भले ही छत्तीसगढ़ी बोली को प्रशासनिक कामकाज, संवाद व लिखा-पढ़ी की बोली बनाने में सफल नहीं रहे हैं परंतु छत्तीसगढ़िया सम्मान को बढ़ाने में वे जरूर कामयाब रहे हैं। और अंत में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सरकार की पकड़ ढीली ही नजर आ रही है। शराबबंदी की चुनावी घोषणा पर आम जनता की नजर है। उम्मीद है अब पांचवे यानी इस कार्यकाल के अंतिम वर्ष में इसका क्रियान्वयन हो जाए। एक बात और भूपेश बघेल अपने ऊपर लगाए गए आक्षेप या कहें विपक्षी दल के विशेषणों को वे भूलते नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उन्हें मुसुवा कहा था। परिस्थितियों व वक्त की नजाकत को देखते हुए मुसुवा (चूहा) बनना भी फायदेमंद होता है। मुसुवा बनकर ही भाजपा की जमीन को बिल बनाकर खोखला किया गया और कांग्रेस की सरकार बनाई गई। पंचतंत्र की एक कहानी में जाल में फंसे शेर को चूहा ही छुड़ाता है। कहने वाले तो यह कह रहे हैं कि भाजपा के जाल में फंसे प्रदेश को बघेल ने छुड़ाया है। वैसे भी चूहा भगवान गणेश के वाहन है। भूपेश बघेल की अगले चुनाव में यह बताने की कोशिश होगी कि वे सचमुच में राजनीति के बाघ और घाघ दोनों है। टाइगर अभी जिन्दा है। बहरहाल अगले वर्ष विधानसभा चुनाव है। राजनीति के माहिर खिलाड़ी भूपेश बघेल लंबी रेस का घोड़ा बनना चाहेंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 18 दिसंबर।** थाना क्षेत्र चरोदा में बस स्टैंड के पास आज एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। इस हादसे में बाइक का पहिया फिसलने से सड़क पर गिर पड़े युवक को पीछे से आ रही भारी वाहन बुरी तरह से कुचलते हुए भाग निकली मृतक की पहचान राजनांदगांव जिले के खेलकाडीह थाना क्षेत्र में उरईडबरी गांव के ठाकुर प्रसाद साहू के रूप में हुई है। मामले में भिलाई-3 पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है पुलिस के मुताबिक 35 से 40 वर्षीय ठाकुर प्रसाद साहू पल्सर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एवं 6876 में रायपुर की ओर जा रहा था। तभी चरोदा बस स्टैंड के थोड़ा आगे जीआरपी चौकी के पास मोटर साइकिल का पहिया फिसल गया। इससे ठाकुर प्रसाद साहू सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रही भारी वाहन उसे कुचलती हुई आगे निकलने के बाद भाग निकली। सूचना पर पहुंची भिलाई-3 पुलिस ने मृतक के जेब में मिले पहचान पत्र और फोन नंबर के आधार पर परिवार के लोगों को हादसे की सूचना दे दी है।



फिलहाल मृतक के शव को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है यह हादसा आज सुबह पौने 10 बजे के आसपास हुई है। जिस स्थान पर हादसा हुआ उसके आसपास दुकान आदि नहीं होने से लोगों की चहलकदमी हादसे के वक्त नहीं के बराबर थी। शायद इसलिए बाइक फिसलने से सड़क पर गिरे ठाकुर प्रसाद साहू को कुचलकर भाग निकली वाहन का नंबर कोई देख नहीं पाया। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारी और जवान बस स्टैंड के आसपास दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से हादसे के जिम्मेदार वाहन का पता लगाने में जुटे हुए हैं ट्रक में जा भिड़े बाइक सवार घायल चरोदा बस स्टैंड के पास ही एक




अन्य हादसे में मोटर साइकिल सवार दो युवकों के घायल होने की खबर है। इसमें एक युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताते हैं मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 बीपी 2594 में दो युवक रायपुर की दिशा से भिलाई की तरफ आ रहे थे। चरोदा बस स्टैंड के पास फोरलेन पर मिडिल कट के चलते स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। स्पीड ब्रेकर के पास ट्रक की रफ्तार अचानक धीमी हो गई। उसके पीछे तेज रफ्तार में आ रहे मोटर साइकिल सवार ट्रक के पीछे जा भिड़े। दोनों युवकों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## जिले के सभी गौठानों, खरीदी केन्द्रों सहित नगरीय क्षेत्रों में मनाया गौरव दिवस

# मुख्यमंत्री ने चार साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए पुरखों को किया याद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर।** राज्य सरकार के आज 4 साल पूरा होने के अवसर पर जिले में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत जिले के सभी गौठानों, धान खरीदी केन्द्रों सहित नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री संदेश का श्रवण किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी के गौठान में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था उसे राज्य में साकार किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं से आर्थिक समृद्धि और खुशहाली का द्वार खोला गया है। उन्होंने विगत 4 साल में राज्य के विकास के लिए बनाएं योजनाओं से किसानों, मजदूरों, गरीबों और आमनागरिकों की बदल रही परिस्थितियों को बताया। उन्होंने सरकार की 4 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए योजनाओं के फायदें को बताये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की। जिसमें 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' योजना की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए, तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए की सौगात पूरे राज्य को दिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, बलौदाबाजार मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला सरपंच पुराईन देवी साहू, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कलेक्टर रजत बंसल, जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा जब भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़िया अस्मिता को एक नई पहचान मिली है। सरकार की योजनाओं ने एक नए परिवर्तन की शुरुआत की है। स्वाभिमान से रहना और सम्मान से छत्तीसगढ़ियों को जीना सिखाया। हम जो छत्तीसगढ़ी परम्परा भूल रहे थे, उन परम्पराओं को पुनर्जीवित करने का काम किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग के लोगों के जेब में पैसा देने का काम बखूबी किया जा रहा है। इससे बाजार में पैसा और व्यापारियों में भी खुशी का माहौल है।

### जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी में दिख रही विकास की झलक

इस मौके पर सकरी के गौठान में जनसम्पर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से सरकार के 4 साल की उपलब्धियों के बारे जानकारी दी गई। विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शासन की राजीव गांधीन किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ, कृष्ण कुंज, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आदि प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रचार-प्रसार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

# 4 साल का झूठ दिखाकर गौरव दिवस मना रही कांग्रेस : विक्रम उसेंडी

## कांग्रेस सरकार मे छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया : पूर्व भाजपा अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 18 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नारायणपुर मे प्रेस वार्ता रखा गया, जिसमे प्रेस वार्ता के मुख्य वक्ता के रूप में विक्रम उसेंडी पूर्व मंत्री, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के भूपेश बघेल की कार्य शैली पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश में खुशहाली के 4 साल का झूठ दिखाकर गौरव दिवस मना रही कांग्रेस की सरकार ने पिछले 4 सालों में छत्तीसगढ़ का सिर्फ शोषण किया है। आप सभी को 2003 से पहले का छत्तीसगढ़ याद होगा, जहाँ आये दिन लूट, हत्या, चोरी और भ्रष्टाचार की घटनाएँ हुआ करती थी, बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आज हमारे छत्तीसगढ़ की स्थिति 2003 से पहले वाली हो चुकी है, इनके बदहाल 4 सालों का परिणाम यह हुआ है छत्तीसगढ़ गौरव नहीं बल्कि गर्त की ओर जा रहा है। भूपेश बघेल ने चुनाव से पहले जितने बड़े-बड़े दावे और जितने बड़े-बड़े वादे किए थे आज उनकी हकीकत प्रदेश की जनता के सामने आ चुकी है। प्रदेश में विकास को सार्थक करना तो दूर आज कांग्रेस की यह सरकार अपने घोषणापत्र की भी पूरा नहीं कर पाई है, छत्तीसगढ़ की जनता ने इन्हें विकास के मुद्दे पर वोट दिया था लेकिन आज विकास के विपरीत खड़ी इस भूपेश बघेल की सरकार ने धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ को कर्ज का कटोरा बनाने मे कोई कसर नहीं छोड़ी है।

प्रदेश में महिलाओं की स्थितिः- शराबबंदी सिर्फ एक छलावा छत्तीसगढ़ में शराब को राजस्व प्राप्ति का आधार बन गया है, राजस्व प्राप्ति में शराब का 5वां स्थान है। जहां से हजारों करोड़ रूपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य तय किया गया है। महिलाओं से शराबबंदी का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को शराब की सबसे अधिक बिी करने वाला राज्य बना दिया है। शराब की अवैध तस्करी करने के मामले में प्रदेश में 7वां स्थान हैं।

राज्य शराब दुकानों में बढ़ोतरी, 700 अब कुल 1491 काउंटर किसी भी प्रदेश और देश का भविष्य वहां के युवाओं पर निर्भर होता है, छत्तीसगढ़ के युवाओं की स्थिति क्या है यह पूरा प्रदेश देख रहा है। चारों ओर युवाओं के बीच नशे की लत फैलाकर छत्तीसगढ़ को पंजाब में परिवर्तित करने के प्रयास हो रहे हैं। इस सरकार ने केवल फसलों को बर्बाद नहीं किया है बल्कि आने वाली नस्लों की बर्बादी के बीच भी वो दिए हैं।

# गौरव दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 18 दिसम्बर।** भूपेश सरकार की 4 साल बेमिसाल को लेकर भाटापारा शहर के सड़कों में कांग्रेस जनो ने आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। बनाया गया। आज सभी कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहां की भूपेश सरकार में किसान व्यापारी कर्मचारी सभी बहुत खुश है। छत्तीसगढ़िया संस्कृति एवं उसके आत्मसम्मान स्वाभिमान के प्रति सभी में जागरूकता आई है।

माहेश्वरी ने आगे कहा कि 'भूपेश है तो भरोसा है' यह सिर्फ एक नारा नहीं है बल्कि एक सच्चाई है। किसानों के प्रति किए गए वादे को पूरा करके ना सिर्फ किसानों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हुई है बल्कि व्यापारी का व्यापार भी कोविड-19 समय में नहीं रुका।

इसके पूर्व गौरव दिवस भाटापारा नगर पालिका तथा ग्रामों के गौठान में मनाया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बसंत भृगु, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य आलोक मिश्रा, सिंधी अकैडमी के सदस्य रोशन हबलानी, वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर सिंह ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु, जिला कांग्रेस सचिव लक्ष्मी पांडे, निर्वाचित पार्षद गण एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ धान की खरीदी 25 सौ से अधिक, हर परिवार के हाथ में राशन कार्ड जैसे कार्यो को करके भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का दिल जीत लिया।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका उपाध्यक्ष तिलोक सलूजा, दीपक निर्मलकर, समीर ध्रुव, प्रमेंद्र तिवारी, सुनील गुप्ता, प्रमिला साहू, अशोक तिवारी, मुकेश साहू राजेंद्र वर्मा, गिरिश पारप्यानी, गेंदु साहू, नवीन बक्स, सावित्री ध्रुव आदि सहित भारी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुर्ग से चलने वाली 4 ट्रेनें उसलापुर होकर चलेगी

**भाटापारा, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग से चलकर कटनी मार्ग पर चलने वाली सारनाथ, अमरकंटक, संपर्क क्रांति, जम्मूतवी सहित 4 प्रमुख ट्रेन अगले अप्रैल मई महीने से बिलासपुर ना जाकर उसलापुरा होकर गंतव्य की ओर जायेगी। उसलापुर में उक्त सभी ट्रेनें 10 मिनट रुका करेगी। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार दुर्ग से निजामुद्दीन की ओर जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 24 अप्रैल से, दुर्ग से चल कर जम्मूतवी जाने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस 25 अप्रैल से, दुर्ग से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस 1 मई से बिलासपुर नही जायेगी।उक्त सभी ट्रेनें उक्त तिथि से बिलासपुर के बजाय उसलापुर होकर गंतव्य के लिए जायेगी, जिस वजह से उसलापुर रेलवे स्टेशन पर उक्त सभी ट्रेनों का 10 मिनट का स्टॉपेज दिया गया है।

### सटोरिए को पुलिस ने किया गिरफ्तार, सट्टा-पट्टी व नकदी जब्त



**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जुआ सट्टा पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिसमें थाना पलारी के क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम मुड़पार में रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी योगेश साहू पिता राजेंद्र साहू उम्र 34 साल निवासी मुड़पार थाना पलारी से सट्टा पट्टी एवं 1500रू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पलारी में धारा 4क जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की विधिवत् गिरफ्तारी कर कार्यवाही किया गया उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर मुकेश दीवान, आर कृष्ण कुमार राय का योगदान रहा।

### 10 लीटर देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में दिनांक 17.12.2022 को ग्राम मुड़पार आरोपी के घर के पास आरोपी सुनील भटपहरी पिता दउवा भटपहारी उम्र 28 साल निवासी मुड़पार थाना पलारी को 60 पाव देशी मसाला शराब अबैध रूप से कब्जे में रखा हुआ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड में भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में प्रआर मुकेश दीवान, आरक्षक कृष्ण कुमार राय का योगदान रहा।

## दशहरा मैदान में चल रहे 108 श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस

# वाणी को मधुर रखना जरूरी है, तभी हमारा जीवन सार्थक : ललित वल्लभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**तिल्दा-नेवरा, 18 दिसम्बर।** स्थानीय दशहरा मैदान में चल रहे 108 श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता ललित वल्लभ महाराज ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्कर्म करते हुए मन वाणी को मधुर रखना जरूरी है तभी हमारा जीवन सार्थक होगा।

कथा प्रसंग में बताया की जब हाथी का जब मांगने पैर पकड़ लिया तो उसने अपने बचाव के सभी प्रयास किए अंत में कमल पुष्प लेकर गोविंद प्रभु का स्मरण किया तो भगवान तुरंत रक्षा करने आ गए और मगर से कहा मेरे भक्तों का पेड़ छोड़ दे भागल ने कहा मैं कैसे इस छोड़ दूं इसने आपका पैर पकड़ रखा है इसलिए मैंने इसका पैर पकड़ लिया अतः कथा सुनने से कल्याण होता है समुद्र मंथन की कथा में बताया कि मंथन के दौरान 14 रत्नों की प्राप्ति हुई भगवान धनवंतरी जी अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए और देवताओं को अमृत पान करवाया मोहनी भगवान के अमृत पान का देवता बलवान हो गए और देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की वामन अवतार के संदर्भ में वामन भगवान राजा बली के यज्ञ में पधारे बली को अपने दान देने का बहुत बड़ा घमंड था वहां मन देव ने 3 पग भूमि मांगी और त्रिलोकी को पूरे त्रिलोक दो पग में नापने के बाद तीसरे पैर कहा रखें तब राजा बलि ने अपना सिर झुका दिया और कहां तीसरा पैर मेरे सिर पर रख दीजिए वामन भगवान बाल बाल के संपूर्ण से प्रसन्न हो गए कथा में कृष्ण के जन्म का वर्णन किया गया नंद उत्सव मनाया गया बधाइयां बांटी गई नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भक्तजन आनंद महोत्सव में अन्नदादित हो गए कृष्ण जन्म उत्सव के वक्त पूरा कथा प्रांगण खचाखच भरा हुआ था और मानव भगवान कृष्ण साक्षात जन्म लिया है नंद के घर आनंद भयो और वहां पर बधाइयां और मिठाइयां बांटी और भक्तजन झूम के नाच उठे और राधे राधे जय जय कृष्णा नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की दशहरा मैदान में आयोजित 108 भागवत कथा में कल देखने को मिला इस कथा में तिल्दा नेवरा के आसपास भाटापारा बिलासपुर रायपुर खरोरा गरिमा आरंग सहित अनेक स्थानों से भक्तजन कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। नगर के हर नागरिक। सेवा धर्म में लगा ह। एक सो आठ परिवार सहित परिजन रिश्तेदार सहित हजारों लोग कथा सुनने उमड़ रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### शराब और सट्टे के अलग-अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ सट्टा आबकारी एक्ट पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 17.12.22 को विशेष अभियान चलाया गया एवं टीम गठित कर कार्यवाही की गई। आबकारी एक्ट के मामले में मुख्य सूचना पर भालू कोना रोड केनाल पुल के पास लवन में मुखबिर सूचना पर आरोपी ओम प्रकाश साहू गीता परदेसी राम उम्र 19 वर्ष निवासी लवन द्वारा अवैध रूप से मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बिना नंबर की गाड़ी से एक सफेद रंग के झोला में रखकर 30 नग अंग्रेजी गोल्डन गोवा शराब कूल 5.4 लीटर कीमती 3600 बरामद कर शराब और मोटरसाइकिल को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध किया गया। दूसरे मामले में अवैध सट्टा खिलाने की सूचना पर रेड कार्रवाई कर लवन में आरोपी जितेंद्र कुमार साहू को उसके घर के पास सट्टा खिलाते पकड़ा गया एवं उसे कब्जे से सट्टा पट्टी कागज एक पेन तथा नकदी रकम 610 बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 4 क जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल टीम एवम प्रधान आरक्षक निरंजन प्रसाद सेन, प्रधान आरक्षक 42 परमानंद रथ, आरक्षक, कमलेश बर्मन, रंजीत कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

### 30 बिस्तरों वाले अस्पताल का किया भूमिपूजन



**दल्लीराजहरा, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत चिखलाकसा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ मेडिकल साइंस कॉरपोरेशन के तहत 2.50 करोड़ की लागत से 30 बिस्तर आयुर्वेदिक अस्पताल का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष भिखी मसिया, नगर पंचायत उपाध्यक्षअब्दुल अब्राहिम सैयद, सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे, आयुर्वेदिक डॉक्टर आशुतोष पाठक, सब इंजीनियर सोमसाय देवहारि, ठेकेदार बच्ची देवी मिश्रा और नगर पंचायत चिखलाकसा क्षेत्र के पार्षदगण तिहारू राम आर्य, राजू, विमला जैन, कुंती देवांगन सुनीता गुप्ता, संगीता साहू, नूतन दास, लीला डरसेना, व चिखलाकसा क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे। धुर्वे ने कहा अस्पताल के निर्माण होने से दल्ली राजहरा व चिखलाकसा, पुतरवही, धोबनी, कुरूभाठ, कुसुमकसा व आसपास सभी गांव व क्षेत्रवासियों को मिलेगा इसका लाभ। ध्रुवे ने आगे कहा कि आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति की यह विशेषता है कि इनमें रोगों का उपचार इस प्रकार किया जाता है कि रोग जड से नष्ट किया जाए एवं पुनः उत पति न हो। आयुर्वेद में रोगों की पहचान एवं परीक्षण विभिन्न प्रश नों और आठ परीक्षणों, जैसे नाडी, मूत्र, मल, जिहवा, शब्द(आवाज) स्पश, नेत्र, आकृति द्वारा की जाती है।

### सरदार वल्लभ भाइ पटेल मैदान में आयोजित एकदिवसीय लोक युवा महोत्सव का समापन




**दल्लीराजहरा, 18 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला प्रशासन बालोद के संयोजकत्व में एक दिवसीय लोक युवा महोत्सव का कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान बालोद में संपन्न हुआ। जिसमें बालोद जिला के पांचों विकास खंड डौंडीलोहारा, डौंडी, गुरुर, बालोद एवं गुंडरदेही के कलाकारों ने शिरकत कर अपने अपने प्रतिभा को संवारने में सफल रहें। इस तरह से बालोद जिला के एकमात्र विकासखंड डौडी के हायर सेकेंडरी स्कूल खलारी के 15 से 40 वर्ष उम्र संवर्ग में धर्मेंद्र कुमार श्रवण व्याख्याता के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय लोक युवा महोत्सव में एकांकी हास्य प्रहसन विधा में प्रथम स्थान हासिल कर संभाग स्तर के लिए चयन हुआ। धर्मेंद्र कुमार श्रवण के दिशा निर्देशन में छत्तीसगढ़ी हास्य प्रहसन समझ समझ में फेर हे का मंचन करते हुए 12 बाल कलाकारों के द्वारा हॅसी मजाक से भरपूर लोगों को लोट-पोट कर गुदगुदाने में सफल रहें साथ ही साथ दर्शक दीर्घा को खूब भाया और तालियों की गड़गड़ाहट से मंच गुंजायमान हो उठा। उक्त प्रहसन में हायर सेकेंडरी खलारी के बाल हास्य प्रहसन के माध्यम से कोरोना से संबंधित, नरूवा गरूवा घुरवा बारी, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक एवं नशा सुधार का समावेश करते हुए नाटक का मंचन किया गया।छत्तीसगढ़ी एकांकी जो कि भरपूर आनंद एवं प्रेरणा स्रोत रहा नशा मुक्त उन्मूलन एवं समाज में ऐसे इंसान भी होते है समझ की अभाव में समाज को भ्रमित करने का प्रयास करते रहते हैं ऐसे ही हास्य प्रहसन के माध्यम से समाज को दिशा-दशा सुधारने की दृष्टिकोण से बेहतरीन ढंग से मंचन करने में सफल रहे। छत्तीसगढ़ी हास्य प्रहसन एकांकी के पात्र कक्षा नवमी से बारहवीं के विद्यार्थियों में कुशल कुमार, मेहुल कुमार, श्रवण कुमार, तारेंद्र कुमार, कु.संगीता, कु.नामिका, यागेंद्र, कु.रत्ना, कु.सिमरण, ललेश्वर एवं कु. यामिनी सभी बच्चों बहुत ही शानदार प्रस्तुति करने सफलता हासिल किए इस तरह से नाटकीय मंचन करते हुए जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक बटोरते हुए प्रथम स्थान बनाने में सफल रहें। जिला स्तरीय लोक कला युवा महोत्सव में खलारी - लोकनृत्य में प्रथम- 15 से 40 वर्ष उम्र संवर्ग में खलारी के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग एवं झमाझम बारहमासी लोक नृत्य के माध्यम से मंच को सुशोभित करने में कामयाब रहा और लोकनृत्य में सबसे अंक बटोरकर अव्वल रहा। लोक नृत्य में प्रतिभागी छात्र छात्राएं उमेश्वरी, संजना, भूमिका, प्रियंका, टेमीन, टामेश्वरी, निहारिका, उर्वशी, वंदना, खेमीन, रवीना एवं वादन पक्ष में संजीव कुमार निषाद, माधो राम सर्पा शिक्षक, रूपराम निषाद एवं बलराम निषाद की शानदार वादन पक्ष को मजबूती प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में कामयाब रहें। कार्यक्रम के संयोजक एवं समन्वयक धर्मेंद्र कुमार श्रवण व्याख्याता के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन का विशेष लाभ मिला।



# हवाओं की भी अपनी-अपनी सियासतें होती हैं, कहीं राख को भड़का देती है कहीं जलते चिराग बुझा देती है

भारतीय जनता पार्टी अपनी पार्टी के प्रमुख चेहरे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द दामोदर दास मोदी के बचपन में किसी रेलवे स्टेशन में चाय बेचने की बात करती रहती हैज.वहीं मोदी भी कई जगह चाय बेचने वाले से पीएम बनने की बात कर चुके हैं उसी के जवाब में अब कॉग्रेस ने पहले गाँधी परिवार के बाहर से एक साधारण पृष्ठभूमि के मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है तो कॉग्रेस शासित राज्यों में तीन मुख्यमंत्रियों के विषय में चर्चा तेज कर दी है।जो बिना किसी पारिवारिक राजनैतिक पृष्ठभूमि के ही अपने मुकाम पर पहुंचे हैं।हाल ही में भाजपा से सत्ता छीनने वाले हिमाचल राज्य में सुखविंदर सिंह सुक्खू को सीएम बनाया गया है। इस नये सीएम के पिता ड्राइवर थे यानि एक ड्राइवर के बेटे को कॉग्रेस ने सीएम बनाया है। सुखविंदर सुक्खू मूल रूप से हिमाचल के हमीरपुर जिले के नोदन के रहने वाले हैं। वे यहां से निर्वाचित विधायक बने हैं। सुक्खू ने कहा कि उनके पिता हिमाचल रोडवेज के बस ड्राइवर थे और वे खुद कभी दूध बेचते थे,तो डिप्टी सीएम अग्निहोत्री बनाए गये हैं जो पहले पत्रकारिता कर चुके हैं ।अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की बात कर लें गहलोत के पिता लक्ष्मण सिंह पेशे से जादूगर थे और अशोक द्मश भी जादूगरी विरासत में मिली थी। कांग्रेस में आने के बाद भी उनका जादू कम से कम राजस्थान में तो चल ही रहा है। वैसे सूत्र कहते हैं कि पहले ज़ब वे पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से मुलाक़ात करने जाते थे तो तब के छोटे बच्चे राहुल, प्रियंका को जादू दिखाया करते थे।अब कॉग्रेस शासित तीसरे राज्य छत्तीसगढ़ की बात करें तो 17 दिसम्बर को अपनी कप्तानी का 4साल पूरा करने वाले यहाँ के सीएम भूपेश बघेल हैं, वे भी एक आम छत्तीसगढ़िया किसान का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके पिता नंदकुमार बघेल भी किसान हैं।यह बात और है कि सम्पन्न किसान परिवार से आने के कारण भूपेश बघेल को लोग 'दाऊजी' कहते हैं। वैसे छत्तीसगढ़ मॉडल की देश में जमकर चर्चा है और भाजपा से हिमाचल छीनने में भूपेश बघेल और उनके छग मॉडल का भी बड़ा योगदान रहा है।



### छत्तीसगढ़ में आरक्षण विवाद और राजभवन...

छत्तीसगढ़ विधानसभा से पारित दो आरक्षण संशोधन विधेयकों पर राजभवन और सरकार के बीच टकराव गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल इस विधेयक पर हस्ताक्षर को तैयार थीं। भाजपा के नेता उन पर ऐसा नहीं करने का दबाव बना रहे हैं। इधर राजभवन ने शुरुआती समीक्षा के बाद विधेयक को फिर से विचार करने के लिए सरकार को लौटाने की तैयारी कर ली है?हालांकि राज्य सरकार से कुछ सवालों पर सफाई भी मांगी है।जानकार सूत्र कहते हैं कि यदि राजभवन सरकार को विधेयक वापस करती है तो विधानसभा में उसे पुनः पारित कराकर राजभवन भेजने पर हस्ताक्षर करने की बाध्यता होगी पर उसमें एक तो समय लगेगा वहीं राज्यपाल से होकर राष्ट्रपति तक पहुंचने के बाद लोकसभा, राज्यसभा में भी 76प्रतिशत आरक्षण पारित करना आसान नहीं होगा।


राज्यपाल अनुसूईया उइके अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी वर्ग को दिये गये 27प्रतिशत आरक्षण की वजह से आरक्षण विधेयकों पर हस्ताक्षर करने से हिचक रही हैं। राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया है कि केवल आदिवासी वर्ग का आरक्षण बढ़ाने के लिए सरकार को विशेष सत्र बुलाने का सुझाव दिया था। पर सरकार ने सबका बढ़ा दिया। अब जब कोर्ट ने 58प्रतिशत आरक्षण को अवैधानिक कह दिया है तो 76प्रतिशत आरक्षण का बचाव राज्य सरकार कैसे करेगीज..?आरक्षण विधेयक पर उनका कहना है कि हाईकोर्ट ने 2012 के विधेयक में 58प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को अवैधानिक कर दिया था। इससे प्रदेश में असंतोष का वातावरण था। आदिवासियों का आरक्षण 32प्रतिशत से घटकर 20प्रतिशत पर आ गया। सर्व आदिवासी समाज ने पूरे प्रदेश में जनांदोलन शुरू कर दिया। सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों ने आवेदन दिया। तब सीएम साहब को एक पत्र लिखा था। मैंने केवल जनजातीय समाज के लिए ही सत्र बुलाने की मांग की थी।यहाँ यह बताना जरुरी है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन विधेयक और शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक पारित किया है। इन दोनों विधेयकों में आदिवासी वर्ग (एसटी)को 32प्रतिशत, अनुसूचित जाति(एससी) को 13प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)को 27प्रतिशत आरक्षण का अनुपात तय किया है। सामान्य वर्ग के गरीबों को 4प्रतिशत आरक्षण देने का भी प्रस्ताव है। इसको मिलाकर छत्तीसगढ़ में 76प्रतिशत आरक्षण तय किया गया है पर यह विवाद में फंस गया है।






### महादेव एप सट्टा और अब ईडी की नजर...

छत्तीसगढ़ में महादेव बुक एप का सालाना टार्नओवर 5 हजार करोड़ केआसपास है? छग में अन्य मामलों में जाँच करने आई ईडी (प्रवर्तन निदेशालय)भी अब रुचि दिखा रही है। ईडी की टीम 3बार दुर्ग पहुंचकर महादेव एप के प्रमुख सौरभ चंद्राकर, सन्नी सतनाम सिंह सहित आधा दर्जन संचालकों की चार्जशीट भी स्थानीय पुलिस से ली है। करीब 1200पन्नों के दस्तावेज ईडी के पास पहुंचे हैं। इधर सूत्रों की मानें तो फिलहाल दुबई में रह रहे सौरभ चंद्राकर की आईफा अवार्ड में भी प्रमुख भूमिका की बात भी सामने आ रही है? भिलाई केम्प में एक जूस सेंटर चलानेवाले सौरभ चंद्राकर का महादेव ऐप (आन लाइन सट्टेबाजी) दुर्ग से दुबई कैसे पहुंचा? अब दुबई से करोड़ों का सट्टा खिला रहा है। उसके केवल छत्तीसगढ़ में ही 136 ऑफिस संचालित थे। सौरभ दुर्ग से हैदराबाद फिर दुबई पहुंच गया।उसने 3 साल पहले सट्टा शुरू किया था।इतना बड़ा नेटवर्क फैलाया और पुलिस क्या कर रही थी?






### वंदे भारत रेल और आम आदमी...

छत्तीसगढ़ में कई यात्री रेल रद्द होती रहीं और छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद चुप ही रहे पर एक वंदे भारत रेल की शुरुआत हुई और ऐसा माहौल बनाने का प्रयास किया गया कि केंद्र की भाजपा सरकार ही छत्तीसगढ़ की जनता की एकमात्र हितैषी हैज? पर इस रेल के भारी किराये पर फिर भी चुप हैंज.?बिलासपुर से नागपुर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गई है। अब उसके किराये पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कॉग्रेस का आरोप है। कि केन्द्र सरकार लोकल ट्रेन बंद कर आम जनता को की जेब से मोटी रकम वसूल करने की योजना बना रही हैज.? बिलासपुर-नागपुर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया निर्धारित कर दिया गया है। रेलवे की दो तरह की जारी किराया सूची के अनुसार कुल किराया बिलासपुर से रायपुर 905 रुपए, बिलासपुर से दुर्ग 1155, बिलासपुर से राजनांदगांव 1265, बिलासपुर से गोंदिया 1620, बिलापुर से नागपुर 2045, रायपुर से दुर्ग 705, रायपुर राजनांदगांव 825, रायपुर से गोंदिया 1245, रायपुर से नागपुर1695, दुर्ग से राजनांदगांव 690, दुर्ग से गोंदिया 1125, दुर्ग से नागपुर 1575, राजनांदगांव से गोंदिया 1015, राजनांदगांव से नागपुर 1460 और गोंदिया से नागपुर 950 रुपए है।क्या आम आदमी को इस रेल का लाभ मिलेगा?

### और अब बस...

- » राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या से ईडी की पूछताछ के बाद कौन से आईएएस/आईपीएस अफसर राडार में हैं ?
- » छत्तीसगढ़ सरकार 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़िया गौरव दिवस मनाएगी। राज्य सरकार के 4 साल पूरा होने पर यह आयोजन किया जा रहा है।
- » छत्तीसगढ़ में एक प्रशासनिक फेरबदल कभी भी हो सकता है?

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** ग्राम केंद्री में सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनंजय यादव अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 5845 से कहीं जा रहा था, तभी लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्वंय गिर गया। जिससे उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात चोर ने की एटीएम में तोड़फोड़

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** कटोरातालाब स्थित पीएनबी बैंक में चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार चुगनी प्राइडस चंगोराभाठा निवासी प्रार्थी महेन्द्र कुमार नाग 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने कटोरातालाब स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम मशीन में चोरी करने के नियत से सीसीटीवी कैमरा व एटीएम मशीन में तोड़फोड़ किया।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** ऐश्वर्य वैली लेबर क्वार्टर में मजदूर से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रिषभ कुजूर 26 वर्ष भाठागांव पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी संदीप बंजारे ने प्रार्थी के दोस्त अनिल से गाली-गलौज कर बत्ता से मारकर चोट पहुंचाया।

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को छलने का कार्य किया : कौशिक



**रायपुर,18 दिसंबर।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत व्यास तालाब, बिरगांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत ÷भ्रष्टाचारी कांग्रेस हटाओ, छत्तीसगढ़ बचाओ÷ विषय पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना अटल बिहारी बाजपाई जी ने इस भावना से की थी की छत्तीसगढ़ प्रदेश का तेजी से विकास होगा,छत्तीसगढ़ में खुशहाली आएगी,परंतु जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है लगातार किसान आत्महत्या कर रहे हैं साथ ही छत्तीसगढ़ की माताओं के साथ बहनों के साथ बलात्कार की घटना हो रही है ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज बची ही नहीं है। प्रदेशभर के किसान,महिला,युवा इस भ्रष्टाचारी सरकार से पूरी तरह से त्रस्त हो चुके हैं। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा एवं जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नंदकुमार साहू,पूर्व महापौर अम्बिका यदु, महामंत्री ओंकार बैस, रमेश सिंह ठाकुर,कार्यक्रम प्रभारी श्यामा चक्रवर्ती, खेम सेन, राजकुमार राठी, संजय तिवारी,अकबर अली,महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा साहू,मिनी पांडे,प्रकाश बजाज,लीलाधर चंद्राकर, रविंद्र सिंह ठाकुर,विक्रम ठाकुर,होरीलाल देवांगन, जितेंद्र धुरंधर, जितेंद्र गोलछा,विलास सुतार,योगेश साहू,टीकाराम साहू, मेघुराम साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार राठी व आभार प्रदर्शन खेम सेन ने किया।

## दुकान से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** काली माता मंदिर तिराहा स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 3 नग कम्प्रेस मशीन को पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुशाभाऊ ठाकरे परिसर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी काशीनाथ प्रसाद 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया उसका कालीमाता मंदिर तिराहा के पास डिजिटल केयर प्रतिष्ठान नाम से दुकान है।

बताया जाता है कि 15-16 दिसंबर की मध्यरात्रि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर 3 नग कम्प्रेस मशीन पार कर दिया। चोरी गए मशीन की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुलिस ने पकड़ी 27 पेटी विदेशी शराब

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 27 पेटी महंगी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त शराब की कीमत 2 लाख 59 हजार बताई जा रही है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।

**जोरा के एक मकान से मिली शराब:** मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर के अमलीडीह का रहने वाला तस्कर विनय मुंजर काफी दिनों से शराब की तस्करी कर रहा था। विनय मुंजर जोरा स्थित एक मकान में शराब को डंप रखा हुआ था। इस बात की खबर पुलिस को मुखबिरों से मिली, जिसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारकर भारी मात्रा में शराब बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी विनय मुंजर गिरफ्तार कर लिया। इस शराब की कीमत 2 लाख 59 हजार के करीब है।

### चोरी करते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** बैगापारा लाभांडी स्थित घर में चोरी के नियत से घुसे युवक को पकड़कर तेलीबांधा पुलिस के हवाले किया है। मिली जानकारी के अनुसार बैगापारा लाभांडी निवासी प्रार्थी टिकाराम निषाद 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि बीती रात आरोपी धर्मेन्द्र भारती 22 वर्ष प्रार्थी के घर में चोरी के नियत से घर का दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया। जिससे प्रार्थी ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दो अलग-अलग क्षेत्र से नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेहरूनगर कोतवाली निवासी 38 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। जिससे कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में 50 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिससे पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों का होगा कायाकल्प

**रायपुर, 18 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासकीय भवनों जैसे कलेक्टोरेट, अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, चौकी जहां शासकीय काम के चलते बड़ी संख्या में लोगों का आना होता है, उनके मरम्मत व रख-रखाव को भी कार्ययोजना में शामिल करने को कहा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्य सचिव को शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य शासकीय भवनों के मरम्मत एवं रख-रखाव की योजना तैयार कर आगामी कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण अनेक शाला भवनों में अध्ययन-अध्यापन के कार्य में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा है कि आगामी शैक्षणिक सत्र आरंभ होने से पूर्व शालाओं, आश्रमों एवं छात्रावास भवनों का उन्नयन, मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य कराया जाना आवश्यक है। इसी तरह अन्य शासकीय भवनों जहां काम के सिलसिले में आम जनता का आना-जाना बना रहता है, उन भवनों के भी मरम्मत, रख-रखाव व व्यवस्थापन की जरूरत है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23